नई दिल्ली

मंगलवार, 23 सितंबर 2025

अशिवन मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 160
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## बोले, 'बड़े दिल वाले लोग किसी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देते'

## 50 फीसदी टैरिफ पर मोरक्को से धरती से रक्षा मंत्री ने अमेरिका पर साधा निशाना...

- 22 से 23 सितंबर तक मोरक्को के दौरे पर हैं राजनाथ सिंह
- उन्होंने रबात में भारतीय समुदाय से मुलाकात में दी यह जानकारी




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी दो दिवसीय यात्रा (22 से 23 सितंबर तक) के तहत उत्तरी-अफ्रीकी देश मोरक्को में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के मामले पर कोई प्रतिक्रिया न दिए जाने को लेकर देश का रुख साफ किया है। उन्होंने रबात में भारतीय समुदाय से मुलाकात के दौरान कहा कि टैरिफ पर हमने जल्दबाजी में कोई प्रतिक्रिया इसलिए नहीं दी। क्योंकि 'जो लोग बड़े दिल वाले यानी उदार होते हैं। वो किसी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देते हैं'। यह एक प्रकार से टैरिफ के मामले पर अफ्रीकी देश की जमीन से अमेरिका पर की गई रक्षा मंत्री की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को लेकर भी देश के पक्ष को भारतीयों से साझा किया। 50 फीसदी टैरिफ में 25 फीसदी हिस्सेदारी रूस से चल रही भारत की तेल खरीद से जुड़ी हुई है। जिसे अमेरिकी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूं बरकरार रखा राष्ट्र का चरित्र

*उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि इसी साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के हमले में जहां एक ओर आतंकियों ने निर्दोष लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी। वहीं, भारत की सशस्त्र सेनाओं ने अपनी ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में धर्म को आधार नहीं बनाया। बल्कि आतंकवादियों के कर्म देखकर उन्हें मारा है। रक्षा मंत्री का यह वाक्य रामचरितमानस से प्रेरित था। जिसमें उन्होंने भारत की संयमित सोच और भूमिका को सबके सामने उजागर किया। रक्षा मंत्री ने ये भी साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर में हमने किसी भी नागरिक आबादी या पाकिस्तान के सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। केवल भारत का ही ऐसा चरित्र हो सकता* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप प्रशासन का नया शिगूफा, केवल नए वीजा धारकों को ही देना पड़ा 1 लाख डॉलर का शुल्क

# एच1बी वीजा पर मची अफरा-तफरी, सैन फ्रांसिस्को में फ्लाइट से नीचे उतारे गए भारतीय

- पुराने वीजा धारकों के लिए बरकरार रहेगी छूट, साल में केवल एक बार करनी पड़ेगी शुल्क अदायगी
- नैस्कॉम का बयान, वीजा नियमों पर अमेरिकी स्पष्टीकरण से दूर हुई हमारी चिंताएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




पहले 50 फीसदी टैरिफ, फिर चाबहार बंदरगाह के विकास को लेकर लगाए गए प्रतिबंध और अब बड़ी तादाद में एच1बी वीजा के तहत अमेरिका जाने की इच्छा रखने वाले भारतीयों से 1 लाख डॉलर (88 लाख रुपये) का भारी-भरकम शुल्क वसूलने के डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान से देश के भीतर और बाहर अमेरिका में इस वीजा श्रेणी के तहत रह रहे भारतीयों में अनावश्यक तनाव, चिंता और डर के साथ ही अफरा-तफरी की स्थिति बनी हुई है। घरेलू स्तर पर नए वीजा आवेदकों के माथे पर 1 लाख डॉलर के भुगतान को लेकर पसीना छूट रहा है। तो वहीं, सोशल मीडिया पर अमेरिका से आए ताजा वीडियो वायरल हैं। जिसमें सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरने वाली एमिरेट्स की एक फ्लाइट से कुछ भारतीय यात्रियों को उतारने का मामला सामने आया है। इन सबके बीच हालांकि ट्रंप प्रशासन ने 21 सितंबर 2025 को रात 12 बजे के बाद (पूर्वी डेलाइट समयानुसार) से लागू हुए एच1बी वीजा के निर्णय को लेकर एक नया शिगूफा छोड़ा है। जिसमें यह बताया गया है कि किन वीजा धारकों को बढ़े हुए शुल्क का भुगतान करना पड़ेगा और किन्हें इससे छूट मिलेगी। मामले पर भारतीय आईटी क्षेत्र की कंपनियों के संगठन नैस्कॉम ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका द्वारा एच1बी वीजा को लेकर दिए गए स्पष्टीकरण के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नैस्कॉम के बयान का सार

*बढ़ी हुई वीजा फीस को लेकर भारत में आईटी जगत की कंपनियां बीते कुछ दिनों से गंभीर रूप से परेशान थीं। लेकिन अमेरिकी प्रशासन के स्पष्टीकरण के बाद उन्होंने राहत की सांस ली है। आईटी कंपनियों के संगठन नैस्कॉम का कहना है कि वीजा नियमों के बारे में दी गई ट्रंप प्रशासन की जानकारी के बाद वीजा पात्रता और उसकी समय सीमा को लेकर बनी हुई हमारी चिंताएं पूरी तरह से समाप्त गई हैं। साथ ही इससे अमेरिका से बाहर रहने वाले भारतीयों के मन में डर के रूप में बैठ गई अनिश्चितता जैसी चिंताओं को लेकर भी कुछ राहत मिलेगी। जिससे अंत में कंपनियों को भी फायदा होगा।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### द्वितीयःमां ब्रह्मचारिणी




या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

### सोना 1.12 लाख के ऑल टाइम हाई पर




**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 22 सितंबर को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,380 रुपए बढ़कर 1,12,155 पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,09,775 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 4,869 रुपए बढ़कर 1,32,869 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,28,000 रुपए पर थी।

### अगस्त में कोर सेक्टर का उत्पादन 6.3% बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश के बुनियादी क्षेत्र का उत्पादन अगस्त में 6.3% बढ़ा है। पिछले साल इस महीने में उत्पादन में 1.5% की गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कोयला, इस्पात और सीमेंट उत्पादन में विस्तार के कारण भारत के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर अगस्त में 13 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। जुलाई में कोर सेक्टर की उत्पादन वृद्धि दर 3.7 प्रतिशत थी। पिछले साल अगस्त में यह (-)1.5 प्रतिशत थी।

### 'जीएसटी बचत उत्सव' के बाद एक और मास्टर स्ट्रोक

### नवरात्रि पर मोदी सरकार का और 25 लाख महिलाओं को तोहफा

# मुफ्त में मिलेगा एलपीजी कनेक्शन और गैस चूल्हा, लाभार्थियों की संख्या 10.6 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार नवरात्रि में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत और 25 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन वितरित करेगी जिससे लाभार्थियों की संख्या 10.6 करोड़ हो जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रत्येक कनेक्शन पर 2050 रुपए खर्च होंगे जिसमें सिलेंडर चूल्हा और रेगुलेटर शामिल हैं।

उन्होंने इसे नारी शक्ति का सम्मान बताया। इसे महिलाओं के लिए नवरात्र का उपहार बताते हुए पुरी ने कहा कि उज्ज्वला का विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। मंत्री ने इस योजना की सराहना ▶▶ शेष पेज 5 पर

> पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है




### सरकार ने बताया इसे नारी शक्ति का सम्मान




- ***पुरी ने कहा कि यह कदम मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है***
- ***उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से 0.8 प्रतिशत बढ़ सकती है जीडीपी***

### पीएम मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र

## सभी दुकानदारों से की 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेचने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने ▶▶ शेष पेज 5 पर




### स्वदेशी अपनाने की अपील की

उन्होंने लिखा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत-मोरक्को के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के बीच सोमवार को रबात में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू की खास बात यह है कि ये दोनों देशों की बढ़ती साझेदारी के लिए एक मजबूत संस्थागत संरचना प्रदान करता है। साथ ही रक्षा उद्योग, संयुक्त अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्रालय ने 22 सितंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें यह भी बताया कि बैठक में दोनों नेताओं ने रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। इसके अलावा आतंकवाद से मुकाबला, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, शांति अभियान और सैन्य चिकित्सा व विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को शामिल करते हुए एक व्यापक रोडमैप पर भी सहमति जताई गई। चर्चा में भारत-मोरक्को के बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूएनजीए की बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर हैं भारत के विदेश मंत्री

# टैरिफ संकट के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री से होगी जयशंकर की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो


रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से संबंधों में उपजे तनाव, द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर जारी खींचतान के बीच सोमवार देर रात भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों के बीच भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं (टैरिफ, व्यापार समझौते सहित) के अलावा क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किए जाने की संभावना है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जयशंकर, रुबियो की यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की एक अहम बैठक से इतर होगी। भारत पर लगाए गए अमेरिकी टैरिफ के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच यह पहली द्विपक्षीय बैठक होगी।

पूर्व में महासभा के इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिरकत करने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन उसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर की इसमें भागीदारी की जानकारी सामने आयी। जिसके बाद उक्त कयासों पर पूर्ण विराम लग गया।

### ट्रंप-मोदी की मुलाकात पर टिकी निगाहें

*यहां बता दें कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के सिलसिले को आगे बढ़ाने के लिए विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर के अलावा केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी अमेरिका में हैं। बीते समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति अपने रुख में नरमी के संकेत देते हुए नई दिल्ली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना एक अच्छा दोस्त, करीबी बताते हुए भारत-अमेरिका व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर बल दिया था। साथ ही उन्होंने आगामी हफ्तों में पीएम मोदी से प्रत्यक्ष मुलाकात की इच्छा भी जताई है। जिसे भारतीय प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया है।*




### मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना, इसरो की होगी अहम भूमिका

### 270 अरब डॉलर की परियोजना, 2026 में लांच होगी पहली सैटेलाइट

# अंतरिक्ष में भारतीय सैटेलाइट को अभेद सुरक्षा कवच प्रदान करेगी 'बॉडीगॉर्ड सैटेलाइट'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



आने वाले युद्ध तकनीक प्रधान होंगे। जिन्हें धरती के साथ-साथ अंतरिक्ष में भी लड़ा जाएगा। ये वो प्रसिद्ध वाक्य है, जिसे बीते कुछ वक्त में देश के शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व की तरफ से मजबूती के साथ दोहराया जा रहा है। मामला इतना संवेदनशील है कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने इस पर जमीनी स्तर पर काम करने की एक व्यापक परियोजना का खाका खींचा है। जिसके तहत अंतरिक्ष में भारतीय सैटेलाइट यानी उपग्रहों की रक्षा करने के लिए भविष्य में 'बॉडीगार्ड सैटेलाइट' छोड़ी जाएंगी। जो किसी भी परिस्थिति में स्वदेशी सैटेलाइट के खिलाफ दुश्मन की सैटेलाइट की हर नापाक चाल को तुरंत नाकाम कर देंगी। सूत्रों ने बताया कि इस परियोजना में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिसका उद्देश्य देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाना है। वर्तमान में जमीनी स्तर पर दुश्मन के मिसाइल हमलों से बचाने की पूरी जिम्मेदारी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की है। जिसे वह बखूबी निभा रहा है। अब अंतरिक्ष में शत्रुओं द्वारा छोड़े जाने वाले उपग्रहों से स्वदेशी सैटेलाइट को बचाने का पूरा दारोमदार बॉडीगार्ड सैटेलाइट पर होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी समूचे देश ने सैटेलाइट की क्षमता ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत के पास 8 दर्जन प्लस सैटेलाइट

*अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पास 8 दर्जन से अधिक यानी कुल 100 से ज्यादा सैटेलाइट हैं। चीन इस मामले में भारत से कई गुना आगे है और उनकी मौजूदा समय में अंतरिक्ष में 900 से अधिक सैटेलाइट सक्रिय हैं। जो भारत की न केवल चिंता में इजाफा कर रही हैं। बल्कि उसे तेजी से अपनी अंतरिक्ष संबंधी निगरानी क्षमता को चाक-चौबंद बनाने पर भी मजबूर कर रही हैं। इन सबसे इतर पाकिस्तान की अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट की संख्या 9 के करीब है।*

## पति भी बेसुध हालत में मिला, अस्पताल में भर्ती

# जामिया नगर में वृद्ध महिला का घर में मिला सड़ा गला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दक्षिण पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर स्थित एक अपार्टमेंट में रविवार देर रात एक वृद्ध महिला का क्षतविक्षत शव उसके घर में ही मिला। मृतका का पति और जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त संगीत शिक्षक बेसुध हालत में मिला। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। घर में महिला का मानसिक रूप से कमजोर बेटा भी मौजूद था।

पुलिस ने बताया कि करीब 50 वर्ष का उनका बेटा इमरान उर्फ शैली भी घर में ही था। इमरान मानसिक रूप से बीमार है। वह अंदर से कुछ बोल रहा था लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को रविवार की रात 11.10 बजे वारदात की सूचना मिली। पुलिस जामिया नगर स्थित गफ्फार मंजिल इलाके में पहुंची। पुलिस के अनुसार, फोन करने वाले ने बताया कि उसकी बहन और बहनोई कोई जवाब नहीं दे रहे हैं और उनका बेटा दरवाजा नहीं खोल रहा है। डीसीपी (दक्षिण-पूर्व) हेमंत तिवारी ने कहा कि पुलिस को मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ना पड़ा। अंदर उन्हें बिस्तर पर आफताब जहां (65) का क्षत-विक्षत शव मिला। उनके पति सिराज खान (70) बगल में पड़े थे, उनकी हालत नाजुक थी। उन्हें तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा केंद्र ले जाया गया। पूछताछ के दौरान बेटा ठीक से बोल नहीं पाया और बार-बार यही कहता रहा कि उसके माता-पिता सो रहे हैं। उसने खुद को तीन-चार दिनों तक बिना कुछ खाए फ्लैट में बंद रखा और मदद के लिए पुकार भी नहीं सका। डीसीपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की बीमारी के कारण स्वाभाविक मृत्यु प्रतीत होती है। शव बुरी तरह सड़ चुका था और कोई बाहरी चोट नहीं दिखाई दी। अधिकारी ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि दंपती की बेटी हांगकांग में रहती है और पिछले कुछ दिनों से अपने परिवार के साथ संपर्क करने की कोशिश कर रही थी। जब उनसे संपर्क नहीं हुआ तो उसने अपने मामा स्थानीय निवासी डब्ल्यू अहमद खान से परिवार का हालचाल जानने का अनुरोध किया था। जिसके बाद पीसीआर कॉल किया गया। पुलिस का कहना है कि बेटे इमरान को शाहदरा के 'आईएचबीएएस' अस्पताल ले जाया गया था लेकिन जब कोई रिश्तेदार उसके साथ जाने के लिए राजी नहीं हुआ तो उसे जीटीबी अस्पताल में स्थानांतरित करना पड़ा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डेढ़ करोड़ का सोना और 20 लाख कैश लूटने वाले तीन अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

फर्श बाजार पुलिस और एआरएससी, क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दिनदहाड़े 20 लाख की नकदी और डेढ़ करोड़ कीमत का 1400 ग्राम सोना लूट केस का भंडाफोड़ किया है। लुटेरों ने पुलिस कर्मी बनकर इस वारदात को अंजाम दिया था। जयपुर और सांगली, महाराष्ट्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 11.91 लाख नकदी, 1400 ग्राम सोना, 2800 ग्राम चांदी और दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार 15 सितंबर को शाहदरा में दिनदहाड़े डकैती की एक सनसनीखेज घटना सामने आई थी। दो अज्ञात व्यक्ति खुद को पुलिस कर्मी बताकर आभूषण की दुकान में घुसे थे। कर्मचारियों को गुमराह किया और 20 लाख नकद और 1400 ग्राम सोना लेकर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना फर्श बाजार में एफआईआर दर्ज की गई थी। दिनदहाड़े हुई इस डकैती की घटना ने इलाके के दुकानदारों में दहशत फैला दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार, मामले को सुलझाने के लिए दो समानांतर टीमें गठित की गई थी। जांच टीम ने पीड़ित की दुकान के कर्मचारी विकास को 17 सितंबर को जयपुर से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर अन्य दो आरोपी भी पकड़े गये। इनके नाम प्रशांत राज कुमार और शुभम कांबले पता चलें। दोनों को सांगली, महाराष्ट्र से पकड़ा गया।

## 16 साल से फरारी काट रहा हत्या और डकैती का आरोपी दबोचा

**नई दिल्ली।** रणजीत नगर इलाके में हत्या और डकैती के मामले में वांछित एक आरोपी को 16 साल तक फरार रहने के बाद गाजियाबाद के इंदिरापुरम से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बिहार के सुपोल निवासी रामप्रीत कामत (40) को 2010 में अदालत ने भगौड़ा अपराधी भी घोषित कर दिया था। इसकी गिरफ्तारी पर 5,000 रुपये का इनाम भी था। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता अमरजीत सिंह खरबंदा 30 अक्टूबर 2009 को जब रणजीत नगर स्थित अपने घर लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई थी। पीड़ित के घर में तोड़फोड़ भी हुई थी। पुलिस ने हत्या और डकैती का केस दर्ज किया था। वारदात में कामत और उसके साथियों की भूमिका का पता चला था। हालांकि अन्य लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन कामत फरार चल रहा था। वह डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय तक फरार रहा। हाल ही में उसके बारे में गुप्त सूचना मिली और आखिरकार पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित इंदिरापुरम से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के डर से कामत कई सालों से बिहार स्थित अपने पैतृक गांव नहीं गया था। इसके बजाय वह इंदिरापुरम इलाके में रहकर घरों की रंगाई पुताई का काम कर रहा था।

## महिलाएं स्वस्थ होंगी तो परिवार स्वस्थ रहेगा और राष्ट्र भी मजबूत बनेगा : सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- एम्स में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुईं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

महिलाएं स्वस्थ होंगी तो परिवार स्वस्थ रहेगा और परिवार स्वस्थ रहेगा तो पूरा राष्ट्र मजबूत बनेगा। यह बात सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आयोजित 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशव्यापी रूप में प्रारंभ किया है। इसके अंतर्गत एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनमें महिलाओं के लिए सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देश की सभी बहनों से अपील की है कि वे निकटतम स्वास्थ्य शिविर में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाएं अपनी सेहत को प्राथमिकता दें। भारत जैसे देश में, जहां अच्छे परिवारों की महिलाओं में भी हीमोग्लोबिन और विटामिन की कमी आम है, वहां यह अभियान अत्यंत प्रासंगिक है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह की भी शुरुआत की है और सभी से संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एम्स, केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस महान पहल के लिए बधाई दी।

# राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन की आड़ में कई पीड़ितों को ठगने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पूरे भारत में कई मामलों में संलिप्त था। आरोपी का नाम सौरभ बताया गया है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसे आरोपी व्यक्तियों करुणाकर उपाध्याय उर्फ रत्नाकर उपाध्याय, अनीता उपाध्याय, सौरभ सिंह व अन्य ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन (आरजीएसएम) में विक्रेता के रूप में पंजीकृत कराने के लिए प्रलोभन दिया और बहकाया। आरोपी व्यक्तियों ने इसे भारत सरकार का उपक्रम बताया था, जिसके तहत विक्रेताओं को विभिन्न राज्यों में समाज के वंचित वर्ग के छात्रों के लिए स्कूल ड्रेस की आपूर्ति करनी थी। शिकायतकर्ता से स्कूल ड्रेस की डिलीवरी लेने के बाद आरोपियों ने राशि का भुगतान नहीं किया और उसका गबन कर लिया। आरोपियों ने निविदा आवंटन के लिए शिकायतकर्ता को लगभग 2 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में देने के लिए भी प्रेरित किया था। जांच से पता चला है कि आरोपियों ने आरजीएसएम के नाम से एक बैंक खाता खोला था। उन्होंने निविदाओं के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशन भी किए। आरजीएसएम ट्रस्ट के खाते से बड़ी राशि निकालकर निजी लाभ के लिए इस्तेमाल की। आरोपियों में से एक रत्नाकर उपाध्याय पर पहले भी उत्तर प्रदेश में नौकरी के बदले पैसे घोटाले और बलात्कार सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी अनीता उपाध्याय ट्रस्ट आरजीएसएम की प्रमुख थीं और उन्हें आरजीएसएम के खाते से राशि की लाभार्थी भी पाया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने सरकारी वेबसाइट से मिलती जुलती एक फर्जी वेबसाइट भी बनाई थी। उन्होंने भारत सरकार का उपक्रम लिखकर फर्जी लेटरहेड बनाए और संभावित पीड़ितों को धोखा देने के लिए खुद को आईएएस अधिकारी बताया। उन्होंने वंचित स्कूली बच्चों में वितरित किए जाने वाले सामानों की आपूर्ति के लिए विक्रेताओं के साथ अनुबंध किया। आपूर्ति लेने के बाद भुगतान नहीं किया गया। आरोपी रत्नाकर और अनीता को इसी साल 16 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद आरोपी सौरभ सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास किए गए। द्वारका में छापे मारे गए। इसके बाद त्रिवेणी नगर लखनऊ, जौनपुर, काशीपुर घोंडा गांव, उत्तर प्रदेश में छापे मारे गए। कई सीडीआर का विश्लेषण किया गया और यूटिलिटी ऐप्स से भी जानकारी एकत्र की गई। तकनीकी निगरानी के आधार पर, आरोपी सौरभ को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से शिकायतकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई लगभग 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 45,000 वर्दियां। 2.79 लाख रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी और एक सोने की चेन भी बरामद हुई। आरोपी के नाम पर दो फ्लैट और एक टोयोटा हाइराइडर कार की पहचान की गई है, जो अपराध की आय से खरीदी गई थी। इस संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही शुरू की जा रही है। कार को जब्त कर लिया गया है।

# सब इंस्पेक्टर रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर को सोमवार को उस वक्त रंगे हाथ पकड़ा गया, जब वह दो आरोपियों के खिलाफ मामला कमजोर करने के लिए 15,000 रुपये की कथित रूप से रिश्वत ले रहा था। आरोपी सब इंस्पेक्टर ललित वजीराबाद थाने में तैनात था।

मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई आजादपुर निवासी तान्या सचदेवा (22) द्वारा दर्ज शिकायत के बाद की गई, जिनके पति हरजीत सिंह पर झपटमारी के कई मामले दर्ज हैं। वजीराबाद थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर ललित ने शुरुआत में महिला के पति और एक अन्य आरोपी वसीम शेख के खिलाफ मामले के कार्रवाई को कमजोर करने के लिए 50,000 रुपये की मांग की थी। 20 सितंबर को शिकायतकर्ता पुलिस थाने में सब इंस्पेक्टर से मिली, जहां रिश्वत की राशि 15,000 रुपये पर तय हुई। शिकायतकर्ता ने बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सबूत के रूप में जमा कराई। रविवार शाम को शिकायतकर्ता और उनके भाई थाने की तीसरी मंजिल पर पहुंचे और पहली किश्त सौंप दी, जिसे ललित ने कथित रूप से स्वीकार कर लिया। मौके पर मौजूद विजिलेंस टीम ने तुरंत हस्तक्षेप किया। सब इंस्पेक्टर ने छापे का अंदेशा पाकर पैसे छिपाने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ लिया गया। विजिलेंस थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**सूचना**

मैं, हम मै. पी.आर. रेक्रुटमेंट सर्विसेज प्रा. लि., मैनपावर के निर्यात हेतु इमीग्रेशन एक्ट 1983 के तहत एक पंजीकरण प्रमाण-पत्र सं. B-1969/DEL/COM/ 100/5/10090/2022 धारक हैं, जो 01.12.2024 से हमारा बिजनेस बंद कर चुके थे। ऐसी सूरत में, यदि मेरे/हमारे विरूद्ध कोई शिकायत/दावा है तो, इसको इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर प्रस्तुत किया जा सकता है। शिकायत की प्रतियाँ प्रोटेक्टर जनरल ऑफ इमीग्रेंट्स, विदेश मंत्रालय, सुषमा स्वराज भवन, प्रवासी भारतीय केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021 को भी भेजी जा सकती हैं।

हस्ता/-
राकेश राजन
(निदेशक)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 19.09.2025

208, साउथ एक्स प्लाजा 1, 389 मस्जिद मोठ,
साउथ एक्सटेंशन पार्ट II, नई दिल्ली 110049

# विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी में पानी की पाइपलाइन बदलने के कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को रोहिणी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में पुरानी पानी की पाइप लाइनों को बदलने के कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नागरिकों को आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान करना सदैव उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यह परियोजना नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उनके संकल्प को दोबारा प्रमाणित करती है। यह परियोजना रोहिणी सेक्टर-18, पॉकेट बी-7; सेक्टर-15, पॉकेट जी-16, 17, 18 और एफ-14, 15 सेक्टर-7, पॉकेट एफ-26 तथा प्रशांत विहार में शुरू की गई है। इस महत्वपूर्ण पहल से हजारों परिवारों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी। नई पाइपलाइनों के लगने से वर्षों से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा और लोगों को निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण जल उपलब्ध हो सकेगा। गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य वर्षों से चली आ रही पानी की कमी और असुरक्षित पानी की समस्याओं को पूरी तरह समाप्त करना है। इन नई पाइपलाइनों की स्थापना के बाद प्रत्येक परिवार को निरंतर स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाला पानी उपलब्ध होगा।

## रामलीला और दुर्गा पूजा उत्सवों में अब 12 बजे तक बज सकेंगे लाउडस्पीकर : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 22 सितंबर से 03 अक्टूबर तक रामलीला, दुर्गा पूजा, दशहरा और संबंधित धार्मिक कार्यक्रमों में अब रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग की अनुमति होगी। इसकी मंजूरी उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दी है। इस आदेश को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार जताया है। बता दें कि पहले यह अनुमति रात 10 बजे तक ही थी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यह फैसला जनहित में दिल्ली सरकार के अनुरोध और वर्षों से आयोजक समितियों की लंबी मांग के मद्देनजर सीमित, समयबद्ध छूट देते हुए लिया गया है, ताकि त्योहार शांतिपूर्वक, उल्लास और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हों। यह निर्णय त्योहारों के सांस्कृतिक महत्व का सम्मान करते हुए जनस्वास्थ्य और शांति की रक्षा भी करता है, जिसमें रिहायशी क्षेत्रों के लिए रात का ध्वनि मानक 45 डीबी(ए) लागू रहेगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सभी आयोजकों को तय ध्वनि नियमों का पालन जरूरी होगा और कार्यक्रम निर्धारित समय पर समाप्त करने होंगे। दिल्ली सरकार की दुर्गा पूजा समिति के प्रमुख के रूप में सिरसा ने जिलाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, और एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, वन व बागवानी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कई बैठकों की अध्यक्षता की, ताकि स्थलों पर सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जा सकें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशु शर्मा** पुत्र **योगेश शर्मा** पता **मकान नं. 118, गाँव मौजपुर, बाबू राम चौक के पास, दिल्ली** ने case **FIR No. 535/2024 U/s 447/420/467/468/471/ 506/34/120B IPC, थाना: जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशु शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशु शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 535/2024 U/s 447/420/467/468/471/ 506/34/120B IPC, थाना: जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशु शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.10.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
रूम नं. 07
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12552/NE/2025 (Court Matter)

## डीयू के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में स्वाध्याय भवन का उद्घाटन

# एसओएल संस्थान नहीं, अवसर व सशक्तिकरण का द्वार है: धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में पूर्वी दिल्ली के ताहिरपुर स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू)के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में स्वाध्याय भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आशीष सूद, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मुक्त शिक्षा विद्यालय का पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र केवल एक संस्थान नहीं है, बल्कि अवसर और सशक्तिकरण का द्वार है। 'अर्जित करो और सीखो' पहल में हमारे मुक्त शिक्षा विद्यालय (एसओएल) की महत्वपूर्ण भूमिका है, जहां हम अपने युवाओं को विकसित भारत के लिए आवश्यक कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से सशक्त कर रहे हैं। शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विभिन्न भारतीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान कर सकती है और देश भर के छात्रों को सशक्त बना सकती है। मुझे विश्वास है कि एआई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और एसओएल इस विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह दिल्ली के कार्यबल को और अधिक दक्ष और उत्पादक बनाने के लिए एक केंद्रीय केंद्र बन सकता है। उन्होंने इस उपलब्धि को छात्रों के भविष्य और शिक्षा के प्रसार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर करार दिया। प्रधान ने कहा कि यह नया भवन न केवल ईस्ट कैंपस की लंबित जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि तकनीकी संसाधनों, लाइब्रेरी और लैब जैसी आधुनिक सुविधाओं से छात्रों को नियमित कॉलेज के स्तर की शिक्षा का अनुभव भी प्रदान करेगा। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में इस पहल से और अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### युवा शिक्षा के माध्यम से अपने और समाज के भविष्य को उज्ज्वल बनाएं: रेखा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि युवा शिक्षा के माध्यम से अपने और समाज के भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी एक साथ कई कोर्स करने की इच्छा रखती है, चाहे वह प्रोफेशनल कोर्स, फैशन डिजाइनिंग, सीएम या अन्य पाठ्यक्रम हों और इसके साथ ही एसओएल से अतिरिक्त डिग्री हासिल करना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने में किसी उम्र की कोई सीमा नहीं होती। किसी भी उम्र में यदि किसी का मन सीखने और आगे बढ़ने का करता है, तो वे दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के माध्यम से अपनी शिक्षा पूरी कर सकते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया और कहा कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

### यह केंद्र युवाओं को कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व से सशक्त करेगा : सूद

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह केंद्र युवाओं को कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व से सशक्त करेगा और भविष्य के नवोन्मेषकों तथा राष्ट्र निर्माताओं के लिए एक सच्ची कर्मभूमि बनेगा।। वहीं सांसद मनोज तिवारी ने अपने भाषण में कहा कि इस नए भवन का उद्घाटन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को साकार करती है, जहां वास्तविक विकास तभी संभव है जब प्रत्येक बच्चे को सीखने का अवसर मिले।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **सौरव, पुत्रः** कन्हैया लाल, **पताः** मकान न.: ई-839, मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **Case FIR No. 1040/2019, U/s: 324/34 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सौरव,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सौरव,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 1040/2019, U/s: 324/34 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **सौरव,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती रीतिका जैन, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
(उत्तर-पश्चिम) कमरा न. 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/12559/OD/2025
(Court Matter)

### 384 इलेक्ट्रिक बसें, 81 चार्जिंग प्वाइंट होंगे स्थापित : रेखा गुप्ता

# हरिनगर में अत्याधुनिक मल्टी-लेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिल्ली में चल रहे 'सेवा पखवाड़ा-2025' के तहत सोमवार को हरिनगर में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के अत्याधुनिक मल्टी-लेवल इलेक्ट्रिक बस डिपो का शिलान्यास किया। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ कैबिनेट मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस परियोजना को डीटीसी के इतिहास में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि हरिनगर डिपो डीटीसीकर्मचारियों के लिए काम करने के तरीके और ज्यादा बेहतर बनाएगा। साथ ही बस यात्रियों के लिए भी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि हरिनगर बस डिपो लगभग 400 इलेक्ट्रिक बसों को एक साथ खड़ी करने में सक्षम है और अत्याधुनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 2 लाख वर्ग फुट के सेल्फ-सस्टेनेबल वाणिज्यिक क्षेत्र में रिटेल के साथ कई परियोजनाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे राजस्व की प्राप्ति होने के साथ ही इस परियोजना की लागत को पूरा करने में भी मदद करेगा। बस डिपो में अतिरिक्त सुविधाओं में 324 कार पार्किंग स्लॉट, 104 टू-व्हीलर की पार्किंग, डीटीसी ऑफिस और डारमेट्री के लिए 26 हजार 257 वर्ग फुट क्षेत्र और आधुनिक वाणिज्यिक हब शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरिनगर बस डिपो में 500 किलोवॉट रूफटॉप सोलर पावर प्लांट, 170 केएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली भी लगेगी। साथ ही ऊर्जा-कुशल एल्युमिनियम लूवर, प्राकृतिक रोशनी की व्यवस्था के साथ वेंटिलेशन की अधिकतम व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एलईडी पैनल से भी रोशन करेंगे। बिल्डिंग को ग्रीघा 3-स्टार रेटिंग देने के मानकों के अनुसार डिजाइन किया गया है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता दिल्ली के अंतिम छोर तक लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के साथ इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े को अगले साल 3 हजार से बढ़ाकर 6 हजार तक पहुंचाना है। यह डिपो दिल्ली के परिवहन को केवल कुशल ही नहीं बल्कि पर्यावरण अनुकूल और ग्रीन कैपिटल के रोडमैप का अहम हिस्सा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले सरकार के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने डीटीसी को वित्तीय संकट में लाकर छोड़ दिया और कर्मचारियों की भलाई की लगातार अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि जहां पिछली सरकारों ने दिल्ली की लाइफ-लाइन की अनदेखी की, तो हम इसे फिर से पटरी पर लाने का काम कर रहे हैं। हमारी सरकार का दृष्टिकोण केवल टूटी-फूटी चीजों की मरम्मत करने का नहीं है, बल्कि बेहद मजबूत हरित और भविष्य के अनुकूल नया सिस्टम बनाने का है।

## कई धार्मिक आयोजनों में शामिल हुईं मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नवरात्रों की शुरुआत पर सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कई धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री शालीमार बाग स्थित प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित कलश यात्रा में भागीदारी की। मुख्यमंत्री जेल रोड स्थित संतोषी माता मंदिर में भी उपस्थित हुईं और देवी मां के चरणों में नमन किया। उन्होंने देवी मां से समस्त दिल्लीवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और सुरक्षा की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि देवी मां की कृपा से दिल्ली शक्ति, शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगी। आस्था, उल्लास और मातृशक्ति के प्रतीक इस पर्व पर सीएम ने राजधानी के लोगों के लिए खुशहाली और एकता का आशीर्वाद मांगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पिछले नौ वर्षों से इस पावन कलश यात्रा में नियमित रूप से सम्मिलित हो रही हैं और हर वर्ष इस अनुभव को आत्मिक शांति और नई ऊर्जा का स्रोत मानती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत कलश स्थापना से होती है और कलश यात्रा इस परंपरा का सामूहिक स्वरूप है। यह यात्रा मां दुर्गा की स्तुति और शक्ति उपासना का प्रतीक है, जहां हर कदम में भक्ति, एकता और संकल्प की भावना प्रवाहित होती है।

## उपभोक्ता तक पहुंचे और दुकानों पर स्वदेशी सामान बिके : नड्डा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश भर में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू किए जाने के बाद जो टैक्स में छूट दी गई है वह उपभोक्ता तक पहुंचे और दुकानों पर स्वदेशी सामान बिके। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ नई दिल्ली की अमर कॉलोनी में दुकानदारों से मुलाकात के दौरान यह जानकारी मीडिया को दी और नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म के बारे में चाय पर चर्चा की। इस अवसर पर अमर कॉलोनी के कपड़ा व्यापारियों, दवा व्यापारी के संगठन पदाधिकारियों और अन्य व्यापारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और उन्हें बधाई दी और दुकानदार और उपभोक्ताओं ने एक स्वर में बोला - धन्यवाद मोदी जी।

## वस्तुओं के दाम कम होने से बाजारों में उत्साह का माहौल : रेखा गुप्ता



■ त्रिनगर के तोताराम बाजार में 'जीएसटी बचत उत्सव' में शामिल हुई सीएम, व्यापारियों ने फूलों से किया स्वागत

नई दिल्ली। नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों का जमीनी असर पूरी दिल्ली में देखने को मिल रहा है। सैंकड़ों जरूरी व रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम कम होने से बाजारों में उत्साह का माहौल है। प्रत्येक उपभोक्ता के चेहरे पर मुस्कान है और हर दुकानदार और व्यापारी के चेहरे पर भी प्रसन्नता नजर आ रही है। यह बातें सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तरी दिल्ली स्थित त्रिनगर के बड़े बाजार तोताराम बाजार में व्यापारियों, दुकानदारों और उपभोक्ताओं संग 'जीएसटी बचत उत्सव' में भागीदारी करने के दौरान कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ स्थानीय सांसद प्रवीण खंडेलवाल, विधायक तिलकराम गुप्ता व अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस उत्सव में सभी गणमान्य लोग बाजार में घूमे ओर कारोबारियों व खरीदारों आदि से बात की। कार्यक्रम के दौरान तोता राम बाजार वालों ने पुष्प वर्षा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रत्येक दुकान पर 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के पोस्टर लगाए और आम जनता से स्वदेशी उत्पादों को अपने घर तक पहुंचाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी की अपील हमारी जनता के लिए है और इस उपहार से सभी लोग प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी का सीधा लाभ देश के हर नागरिक को मिल रहा है। गृहणियां खुश हैं, व्यापारी खुश हैं, उपभोक्ता और आम नागरिक भी संतुष्ट हैं।

## 'जहां नहीं पहुंचेंगे कर्मचारी वहां होगा ड्रोन से छिड़काव'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के ऐसे क्षेत्र जहां जन स्वास्थ विभाग के कर्मियों का दवा छिड़काव के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहां अब आसानी से ड्रोन के माध्यम से दवा का छिड़काव कर सकता है। दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने सोमवार को नरेला जोन के अंतर्गत वार्ड नंबर-4 अलीपुर में जलजमाव प्रभावित इलाकों में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए ड्रोन तकनीक के माध्यम से कीटनाशक दवा के छिड़काव के कार्य का शुभारंभ करने के मौके पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से व्यापक क्षेत्र में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया जिससे डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय निगम पार्षद एवं ग्रामीण क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष योगेश राणा ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के डीबीसी कर्मियों के साथ सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से हम मच्छरजनित बीमारियों पर काबू पा सकते हैं। इस दौरान उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय कुमार और डॉ. संजय सिन्हा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### 10 लीटर की टैंक क्षमता वाला है ड्रोन

उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि 10 लीटर की टैंक क्षमता वाले ड्रोन के माध्यम से सात मिनट में दो किलोमीटर के इलाके में कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिकतम तकनीक की सहायता से मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलेगी।




# जीएसटी दरों में कमी का सीधा लाभ व्यापारियों व उपभोक्ताओं को मिलेगा

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार आम जनता, व्यापारी वर्ग, छोटे उद्योगों तथा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार आम जनता, व्यापारी वर्ग, छोटे उद्योगों तथा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। जीएसटी दरों में कमी का सीधा लाभ फरीदाबाद सहित पूरे देश के व्यापारियों और उपभोक्ताओं को मिलेगा। सांसद कार्तिकेय शर्मा सोमवार को भाजपा फरीदाबाद महानगर के जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह के संयोजन में नीलम-बाटा रोड स्थित होटल गैंरड डिलाईट में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी भारत की कर प्रणाली में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण सुधार है। इसका उद्देश्य जीएसटी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, डिजिटल एवं व्यापारियों के लिए सरल बनाना है। नई व्यवस्था से टैक्स प्रक्रिया आसान होगी और व्यापारियों के लिए कर अनुपालन में सुविधा होगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने और सामाजिक कल्याण के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया।



## राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा- आर्थिक विकास की गति बढ़ेगी

इस दौरान व्यापारियों और नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि नई जीएसटी व्यवस्था व्यापारियों के लिए कर प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएगी, डिजिटल प्रणाली के माध्यम से कर अनुपालन आसान होगा और उपभोक्ताओं को भी इसके लाभ सीधे मिलेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने यह भी कहा कि जीएसटी दरों में कमी से व्यवसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, देश में आर्थिक विकास की गति बढ़ेगी और छोटे एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती मिलेगी। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए जनता के बीच जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस प्रकार जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम ने फरीदाबाद में व्यापारियों और नागरिकों में उत्साह और विश्वास का संचार किया और सरकार की नीतियों के प्रति लोगों में सकारात्मक संदेश दिया। पूर्व केबिनेट मंत्री एव विधायक मूलचंद शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला महामंत्री फरीदाबाद महानगर अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती ममता राघव, जिला मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक, जिला संयोजक राजेश (जीएसटी), जिला सह संयोजक (जीएसटी), कैलाश वशिष्ठ, पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने हेतु सामूहिक रूप से संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### पंकज को मिला को-ऑप्टेड सदस्य का दायित्व

**फरीदाबाद।** जिला बार एसो. वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज पाराशर को पंजाब हरियाणा बार काउंसिल का को-ऑप्टेड मेंबर चुने जाने पर साथियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। काउंसिल चेयरमैन ओपी शर्मा, अशोक मित्तल, पीके मित्तल, निबरास अहमद, आनंद भारद्वाज सहित अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।



### जागरूकताः यातायात नियमों की जानकारी दी

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के आदेश अनुसार व मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत इलाका सूरजकुंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सामुदायिक पुलिसिंग सेल ने स्थानीय लोगों को यातायात नियमों की पालन के बारे अवगत कराया। सामुदायिक पुलिसिंग सेल की टीम द्वारा नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। सूरजकुंड रोड पर हैवी व्हीकल ड्राइवर को यातायात नियमों के बारे में बताया और पंपलेट वितरित किए।

### थार की टक्कर से प्रॉपर्टी डीलर की मौत

**फरीदाबाद।** वृंदावन से वापस लौट रहे प्रॉपर्टी डीलर को थार चालक ने कुचल दिया। जिससे डीलर की मौत हो गई। मामले में परिजन ने हत्या करने का आरोप लगाया। परिजन ने कहा कि थार ड्राइवर ने जानबूझ कर प्रॉपर्टी डीलर को कुचला। आरोपित शराब के नशे में था। पुलिस ने मामले में सड़क हादसे की धारा 105 लगाई तो परिजन ने बादशाह खान अस्पताल के मोर्चरी के हंगामा के दिया।



### वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** वाहन चोरी के मामले में अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से एक स्कूटी व तीन मोटर साईकिल को बरामद किया है। साहिल ने पुलिस चौकी टाउन नं. 3 ने आरोप लगाया कि 31 अगस्त की शाम को दशहरा ग्राउंड पार्किंग कोई नामालूम उनकी स्कूटी चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना एसजीएम नगर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



### चोरी का सामान खरीदने वाले सुनार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** चोरी का सामान खरीदने वाले सुनार को अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी सिकरोना में नवीन त्यागी ने दी शिकायत में कहा कि 3-4 जनवरी की रात को छह लोग घर की दीवार कूद कर अंदर आये और जिनमें से दो लडको ने उसे और उसकी मां को एक कमरे में बैठा दिया और कुछ लडके दूसरे कमरे में जहां उसकी पत्नी और बच्चे सो रहे थे।



स्वच्छता अभियान को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने ली निगम की बैठक, कहा-

# सभी निगम के अधिकारी एक-एक वार्ड को लें गोद

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को गति देना और वार्ड स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रहे हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने विधायकों, पार्षद गण और नगर निगम के अधिकारियों के साथ स्वच्छता के विषय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को गति देना और वार्ड स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।

बैठक में वार्ड-वाईज पार्षदों की समस्याओं को सुना गया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी एक-एक वार्ड को गोद ले और प्रतिदिन उसका निरीक्षण करें ताकि स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्वच्छ शहर के सपने को साकार करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। यह अभियान शहर की स्वच्छता, नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सभी वार्डों में सडक़ अथवा गली में स्ट्रीट लाइट नहीं है वहां तुरंत व्यवस्था की जाए ताकि शहर जगमग हो सके।

**खास बातें**
- वार्ड स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान जरूरी
- व्यापारियों को जागरूक करना होगा



## सब मिलकर स्वच्छता को लेकर जनांदोलन बनाएं

विधायक मूलचंद शर्मा ने भी अपने सुझाव रखें और कहा कि शहर जब तक स्वच्छ नहीं बनेगा जब तक हम सब मिलकर स्वच्छता को लेकर जन आंदोलन नहीं चलाएंगे, हम सभी को मिलकर के लोगों को जागरूक करना होगा और बाजारों के अंदर भी सभी व्यापारियों को भी जागरूक करना होगा कि वह अपना कूड़ा डस्टबिन में ही डालें। विधायक सतीश फागना ने भी अपने विचार रखें और कहा कि स्वच्छता अभियान में उनके वार्ड के पार्षद प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे और उन्होंने यह भी कहा है कि प्रशासन साफ -सफाई व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान दें।

### हरियाली होगी तो स्वच्छता भी नजर आएगी

विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए और हरा भरा बनाने के लिए कार्य करना होगा, जब हरियाली होगी तो स्वच्छता भी नजर आएगी उन्होंने कहा कि सीएनडी वेस्ट इत्यादि को शहर की सडक़ों से हटाया जाए। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि नगर निगम फरीदाबाद स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और बैठक में प्राप्त सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कहा कि शहर के सभी पार्कों में ओपन जिम लगाने, झूले लगाने इसके अलावा स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए सभी पार्षद उन्हें अपनी मांग दे सकते हैं जिस दिशा में जल्द ही संज्ञान लेते हुए उन कार्यों को करवाया जाएगा।

अखिल भारतीय लोहा व्यापार संघ की बैठक

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को समस्याओं से अवगत कराएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नॉर्थ इंडिया स्टील मिल्स एसोसिएशन की एक अहम बैठक में देश भर के सदस्यों ने शिरकत की। जिसमें निर्णय लिया गया कि एआईएफएफए की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। वहीं बैठक में सर्वोत्तम मामला, अस्तित्व, प्रतिस्पर्धा से बचाने, बहुत अधिक पेंडेंसी, व्यास का अंतर, बंडल का वजन आदि विषय पर चर्चा की गई।

### बिजनेस ग्रोथ पर भी ध्यान रहेगा

बैठक में अखिल भारतीय लोहा व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा लोहा व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया ने कहा कि हम अपने बिजनेस को हमेशा बेहतर बनाने की सोच के साथ काम करने के पक्षधर हैं। हमारा फोकस ग्राहक को गुणवत्ता का सामान देने के साथ अपने बिजनेस की ग्रोथ पर ही होगा तो हम खुद को स्थापित कर पाएंगें। इसी से ग्रोथ संभव है। किसी भी कंपनी का अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता बेहतर करने पर ध्यान देना ही उसे मजबूती की ओर ले जाता है।

### ब्रांड्स के इस्तेमाल के खिलाफ

श्रीवत्स राठी ने एक ही ब्रांड यानी राठी को एक ही मंच से बेचने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को गलाकाट प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए काम करना है। श्रीवत्स राठी ने एक मुद्दा उठाया कि हमें झूठे कारणों से अपने ब्रांड्स के इस्तेमाल के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। बीडीजी से बिट्टू, अंबा शक्ति से पंकज गोयल और अरफात राणा को मुज्जफरनगर में जल्द से जल्द सभी संबंधित पक्षों की एक बैठक आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया। श्रीवत्स राठी, प्रदीप अग्रवाल, अमित गुप्ता कासनिया भी इस बैठक में शामिल होंगें।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 9 लाख की ठगी

# साइबर थाना टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 9,51,558 रूपए की ठगी करने साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

साइबर थाना सेंट्रल में बसेलवा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फेसबुक पर शेयर मार्केट के बारे में एक विज्ञापन देखा और जब उस पर क्लिक किया तो उसको एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया। जहां प्रतिदिन मार्केट से जुडी जानकारी दी जाती थी। जहां पर उसने भी निवेश किया और ठगों के कहने पर 9,51558 रुपए विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से उनके खाता में भेज दिये। जिसके बदले उसे कोई पैस नही मिला। जिस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए शिबु नारायण वासी सिद्देश्वर हिल, नियर मीनाक्षी नर्सरी, अजवा रोड जिला वडोदरा गुजरात हाल सिद्देश्वर हेवन, कलाली रोड जिला वडोदरा गुजरात को गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में सामने आया कि शिबु नारायण ने संदीप खाताधारक का खाता लेकर आगे दिया था। खाता में ठगी के पचास हजार रूपये आये थे। आरोपी मछली व सब्जी की दुकान लगाता है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। संदीप खाताधारक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

15 करोड़ से तैयार होगी 900 मी. लंबी रोड

# प्रमुख लिंक रोड से एनपीआर रोड के निर्माण कार्य की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

विकास प्राधिकरण ने राजनगर एक्सटेंशन की अति-प्रमुख एवं लंबे समय से रुकी पड़ी सिकरोड से एनपीआर अर्थात नादर्न पैरिफैरियल रोड को जोड़ने के लिए प्रस्तावित 900 मीटर लंबाई की 45 मीटर चौड़ी रोड का निर्माण कार्य शुरू करा दिया। कार्य का शुभारंभ मुरादनगर के विधायक अजित पाल त्यागी के द्वारा नारियल फोड़कर किया। इस दौरान प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता, अधिशाषी अभियंता व अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के तमाम कृषक भी मौजूद रहे जिनकी जमीन पर रोड का निर्माण कार्य आरंभ हो गया है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने उम्मीद जतायी कि लगभग 15 करोड़ की लागत से रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद एक बडी. आबादी को लाभ होगा। इस रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोकमान्य तिलक इंटर कालेज से लगी 45 मीटर चौड़ी रोड भी कनेक्ट हो जाएगी।

प्राधिकरण द्वारा राजनगर एक्सटेंशन के गोल चक्कर से बंधा रोड, सिटी फारेस्ट होते हुए लगभग तीन किलोमीटर व उससे लगी 7 किलोमीटर की आउटर रिंग रोड को आने वाले समय मे 45 मीटर के स्थान पर 60 मीटर चौड़ी किए जाने की दिशा में तेजी से कार्य आरंभ कर दिया गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने लोगों के साथ किया प्रतिमा पर माल्यार्पण

# महाराजा अग्रसेन ने समाज को पढ़ाया भाईचारे व एकता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

महाराजा अग्रसेन जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने शहर के गणमान्य लोगों के साथ ओल्ड फरीदाबाद स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने समस्त लोगों को अग्रसेन जयंती की शुभकामनाएं दी।



श्री कौशिक ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे अग्रोहा के राजा थे और उन्हीं से अग्रवाल जाति की उत्पत्ति हुई। महाराजा अग्रसेन ने हमें समाज में एकता और एक-दूसरे की मदद करने का पाठ पढ़ाया है। बलजीत कौशिक ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ऐसे कर्मयोगी लोकनायक हैं जिन्होंने बाल्यकाल से ही, संघर्षों से जूझते हुए अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दर्शाया। अपनी आत्मशक्ति को जाग्रत कर, विश्व उपदेष्टा का महत कार्य किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन को वैश्य समाज का आदर्श और दानशीलता का प्रतीक माना जाता है। महाराजा अग्रसेन के बारे में में प्रचलित है कि उन्होंने एक ईंट और एक रुपया की अनोखी प्रथा शुरू की थी। इस परंपरा के अनुसार जब भी कोई नया परिवार समाज में आताए तो हर घर से एक ईंट और एक रुपया दिया जाता। ईंट से वह परिवार अपना घर बनाता और रुपये से व्यापार शुरू करता। ऐसे महाराजा अग्रसेन की जयंती लोग हर वर्ष धूमधाम से मनाते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पवन अग्रवाल, डॉ. सौरभ शर्मा, राधे गोयल, अमित बंसल, रोहताश प्रधान, मंगत शर्मा, सतीश शर्मा, अरुण अग्रवाल, मनोज गोयल, सचिन बंसल, समीर सिंगला, विशाल गोयल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

पीएम मोदी के बचपन और विचारों पर आधारित फिल्म

# आत्मचिंतन, जीवन के उद्देश्य और कर्तव्यबोध के प्रेरित करती फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ ने फिल्म को एक आदर्श और प्रेरणात्मक कृति बताते हुए कहा कि चलो जीते हैं, फिल्म प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन की संघर्षपूर्ण यात्रा पर आधारित एक आदर्श फिल्म है, जो स्वामी विवेकानंद के उस विचार से प्रेरित है, वही जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं। यह फिल्म आत्मचिंतन, जीवन के उद्देश्य और कर्तव्यबोध जैसे गहरे विषयों पर सोचने के लिए प्रेरित करती है। फिल्म का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देना है।

### नैतिकता व राष्ट्र निर्माण पर फोकस



पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा फरीदाबाद द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक लघु फिल्म चलो जीते हैं, का प्रदर्शन किया जा रहा है। पीवीआर पेबल डाउन टाउन मॉल में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, भाजपा कार्यकर्ताओं और फरीदाबाद की जनता के साथ प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर डॉक्युमेंट्री फिल्म चलो जीते हैं का अवलोकन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि चलो जीते हैं, फिल्म न केवल नरेंद्र मोदी के जीवन का प्रतिबिम्ब है, बल्कि हर उस भारतीय के लिए प्रेरणा है, जो समाज सेवा, नैतिकता और राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर होना चाहता है।

# आयुक्त की निगरानी में नगर निगम ने किया गोबर से पेंट बनाने का ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम ने सोमवार को गोबर से पेंट बनाने का हुआ ट्रायल किया। ट्रायल में 500 लीटर डिस्टेंपर तैयार किया गया। साथ ही नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने प्राकृतिक पेंट के निर्माणाधीन प्लांट नगर निगम प्राकृतिक पेंट बनाने की शुरुआत तेजी से की जा रही है जिसके लिए नंदी पार्क गौशाला में गोबर से पेंट बनाने के लिए प्लांट भी लगाया गया है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माणाधीन प्राकृतिक पेंट प्लांट का जायजा लिया। इस मौके पर उपकरणों के माध्यम से बनाए जा रहे पेंट का भी ट्रायल देखा गया, मौके पर अवनींद्र कुमार अपर नगर आयुक्त, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज कुमार सिंह, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी प्रकाश आस कुमार उपस्थित रहे।

### दीपावली से पहले सरकारी कार्यालयों में होगा उपयोग

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद में गोबर से पेंट बनाने की शुरुआत हो चुकी है जिसका ट्रायल हुआ, नंदी पार्क गौशाला में प्लांट लगाया गया है लगभग 10 से 12 उपकरण लगाए गए हैं जिसमें ट्रायल के रूप में प्रथम चरण में 500 लीटर डिस्टेंपर बनाया गया है, जिसका इस्तेमाल नंदी पार्क गौशाला में ही किया जाएगा इसी क्रम में उद्घाटन के उपरांत डिस्टेंपर और इमल्शन पेंट गोबर से बनाया जाएगा जिसका उपयोग दीपावली से पूर्व गाजियाबाद में सरकारी कार्यालय में किया जाएगा, प्राकृतिक पेंट प्लांट का जोरो से कार्य चल रहा है कार्य पूर्ण होते ही माननीय महापौर द्वारा उद्घाटन किया जाएगा, निगम अधिकारियों को तीव्रता से प्लांट तैयार करने तथा मशीनों को स्थापित करने की निर्देश दिए गए हैं। ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गोबर से पेंट बनाने की प्रक्रिया को रफ्तार से बढ़ाया है, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सहयोग लिया जाएगा, गाजियाबाद नगर निगम की पर्यावरण के प्रति चल रही गोबर से पेंट बनाने की तैयारी एक अच्छी पहल है जिससे न केवल शहर को लाभ मिलेगा बल्कि विश्व स्तर पर भी गाजियाबाद का मान बढ़ेगा, पायलट प्रोजेक्ट सफलता की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है।



## खबर संक्षेप

### गश्त कर रही पुलिस पर गोलीबारी, जवान जख्मी



**रांची।** जिले में गश्त कर रही पुलिस की टीम पर अज्ञात बदमाशों ने गोलीबारी कर दी। इसमें एक कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना खलारी थाना क्षेत्र के पूर्वी राय इलाके की है। जख्मी कांस्टेबल को रांची के निजी अस्पताल में भर्ती है। खलारी के थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने बताया कि नियमित गश्त कर रही पुलिस पर अचानक बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

### बिहार में एक्सिस बैंक के मैनेजर की हत्या



**वैशाली।** बिहार में अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। वैशाली जिले में अपराधियों ने बैंक मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी है। एक्सिस बैंक के मैनेजर की हत्या के बाद पुलिस-प्रशासन के कान खड़े हो गए हैं। बिदुपुर थाने के चेचर खपुरामार्ग के बीच सुनसान जगह पर सेल्फ हेल्प ग्रुप के मीटिंग कराकर लौट रहे एक्सिस बैंक के मैनेजर को अपराधियों ने गोलीमार दी और भाग गए।

### ड्यूटी से गायब 16 पुलिसकर्मी सस्पेंड




**सहारनपुर।** यहां शारदीय नवरात्र के पहले दिन ही बड़ी कार्रवाई हो गई। मां शाकुंभरी देवी मंदिर क्षेत्र में ड्यूटी से गायब रहने वाले 16 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। दरअसल सिद्धपीठ श्री मां शाकुंभरी देवी मंदिर क्षेत्र में आयोजित मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस-फोर्स लगाया है। एसएसपी ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने और गैरहाजिर मिले 16 पुलिसकर्मी पर कार्रवाई कर दी।

## पटना से बजेगा बदलाव का बिगुल

पटना में 24 सितंबर को कांग्रेस का अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ अन्य शीर्ष नेताओं और राज्य प्रभारी कृष्णा अल्लवरु की मौजूदगी तय मानी जा रही है। बैठक के एजेंडे में बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ता अपराध, महिलाएं पर अत्याचार और 'वोट चोरी' जैसे मुद्दे शामिल हैं। दरअसल, कांग्रेस में यह संदेश देना चाहती है कि राज्य की राजनीति के साथ-साथ देश के बड़े मुद्दों पर भी उसकी आवाज है।

# 24 सितंबर को सीडब्ल्यूसी की बैठक में बिहार चुनाव की रणनीति तय करने जा रही कांग्रेस

**एजेंसी ▸▸ पटना**

आगामी 24 सितंबर को पटना में होने वाली कांग्रेस की अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक को चुनावी राजनीतिक माहौल में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पटना के सदाकत आश्रम में कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे के साथ राहुल गांधी और सोनिया गांधी जैसे दिग्गज यहां जुट सकते हैं। इसके साथ ही पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और विधायी दल नेता भी शामिल होंगे। बिहार इकाई के चेयरमैन राजेश राम ने इसे 'ऐतिहासिक फैसला' बताया है। बताया जा रहा है कि बेरोजगारी, महंगाई और 'वोट चोरी' के आरोपों के बीच यह बैठक बिहार चुनाव 2025 की रणनीति तय करेगी।



### अत्याचार, अपराध व 'वोट चोरी' जैसे विषयों को प्रमुखता

दरअसल, पार्टी शीर्ष नेतृत्व इसका उपयोग बिहार विधानसभा चुनावों में अपनी रणनीति साफ करने और झंडा फहराने के लिए करना चाहती है। बैठक में बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं पर अत्याचार, बढ़ता अपराध और 'वोट चोरी' जैसे विषयों को प्रमुखता मिलेगी। वहीं, बिहार विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण से जुड़ी मतदाता सूची में संभावित हेरफेर की आशंकाएं बातचीत की विभिन्न वक्ताओं के बयान का हिस्सा रहेंगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की मौजूदा नीतियों से 'वोट चोरी' की प्रवृत्ति बढ़ी है. बिहार में वोटर सूची सुधार प्रक्रिया के दौरान वोटों के नामों के हटाए जाने या हेरफेर की संभावना पर चिंता व्यक्त की जा रही है।

### बिहार चुनाव पर बनेगी रणनीति

बैठक का मुख्य फोकस बिहार विधानसभा चुनाव 2025 पर होगा। गौरतलब है कि पार्टी प्रदेश चुनाव समिति गठित कर चुकी है जिसमें 39 सदस्य हैं। सीट शेयरिंग के साथ उम्मीदवार चयन और गठबंधन समीकरणों पर चर्चा होगी। राजद के साथ बातचीत जारी है और शीट शेयरिंग का मामला अभी फाइनल नहीं हो पाया। वहीं, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर होगा। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा की सफलता को आगे बढ़ाया जाएगा।

### सीट-बंटवारे और राजनीतिक समन्वय

बैठक में यह भी निर्णय हो सकता है कि कांग्रेस महागठबंधन में कितने सीटों की मांग करेगी। सहयोगी दलों के बीच तालमेल और गठबंधन को मजबूती देने के तरीकों पर चर्चा होगी ताकि बिहार के चुनावों में बेहतर परिणाम मिल सकें। पार्टी का उद्देश्य सिर्फ विरोध करना नहीं बल्कि जनता को यह संदेश देना है कि कांग्रेस जनता के मुद्दों के साथ है। 'पलायन रोको, नौकरी दो' जैसी मुहिमों के माध्यम से वह इस भावना को जमीन से जोड़ना चाहती है।

### जातिगत भेदभाव खत्म करने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन

# यूपी में पुलिस रिकॉर्ड्स व सार्वजनिक स्थलों पर जाति के उल्लेख पर रोक, आदेश जारी

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

यूपी में जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया जा रहा है। इसके तहत कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं और पुलिस रिकॉर्ड्स और सार्वजनिक स्थलों पर जाति के उल्लेख पर रोक लगा दी है।

यूपी से एक बड़ी खबर सामने आई है। जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में पुलिस रिकॉर्ड्स और सार्वजनिक स्थलों से जाति के उल्लेख पर रोक लगा दी गई है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने आदेश जारी किए हैं, जिसके मुताबिक, एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो आदि में जाति का उल्लेख हटेगा और माता-पिता के नाम जोड़े जाएंगे। इसे यूपी के लिए सरकार का एक बड़ा फैसला माना जा रहा है।

कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार के आदेश के मुताबिक- 'आप अवगत हैं कि एक सर्वसमावेशी, संवैधानिक मूल्यों के अनुकूल व्यवस्था, उत्तर प्रदेश सरकार की घोषित नीति है। इस हेतु यह आवश्यक है कि समाज में व्याप्त जातिगत विभेदकारी प्रवृत्तियों के उन्मूलन के दृष्टिगत पुलिस अभिलेखों एवं सार्वजनिक संकेतों में जाति आधारित अंकन एवं प्रदर्शन रोका जाए तथा जातीय प्रदर्शनों द्वारा जातीय संघर्ष प्रेरित करने वाले तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए।'

**खास बातें**

- जातीय महिमामंडन से संबंधित निर्देश
- एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो आदि में जाति का उल्लेख हटाया जाएगा
- जाति आधारित रैलियों पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है

### सार्वजनिक स्थानों पर साइन बोर्ड्स भी नहीं



आदेश के मुताबिक ' उल्लेखनीय है कि क्रिमिनल मिस. अप्लीकेशन 482 संख्या 31545/2024 प्रवीण छेत्री बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा आदेश दिनांकित 16 सितंबर 2025 के माध्यम से पुलिस के अभिलेखों में अभियुक्तों की जाति का उल्लेख न किए जाने तथा वाहनों, सार्वजनिक स्थानों पर साइन बोर्ड्स, सोशल मीडिया आदि में जातीय महिमामंडन से संबंधित निम्नवत निर्देश दिए गए हैं।'

### एससी/एसटी एक्ट जैसे मामलों में छूट रहेगी

थानों के नोटिस बोर्ड, वाहनों और साइनबोर्ड्स से जातीय संकेत और नारे हटाए जाएंगे। जाति आधारित रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध, सोशल मीडिया पर भी सख्त निगरानी होगी। एससी/एसटी एक्ट जैसे मामलों में छूट रहेगी। आदेश के पालन के लिए एसओपी और पुलिस नियमावली में संशोधन किया जाएगा।

### सम्मान से समझौता नहीं करेंगे चिराग पासवान

# बिहार चुनाव के लिए एनडीए में सीटों का बंटवारा नवरात्र के दौरान होगा

**एजेंसी ▸▸ पटना**



बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन और एनडीए अपनी-अपनी रणनीतियां बनाने में जुटे हैं। महागठबंधन में शामिल दलों के बीच अब तक सीट शेयरिंग को लेकर बात पक्की नहीं हुई है। लेकिन एनडीए में सीट शेयरिंग कब होगी इसके बारे में लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने काफी कुछ स्पष्ट कर दिया है।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए में नवरात्र के दौरान सीटों का बंटवारा हो जाएगा। वे सोमवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे में सम्मान के साथ समझौता नहीं होगा।

एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि मैं यह मानता हूं कि अब सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू होगा। शुभ दिनों की शुरुआत है। सोमवार से नवरात्र की शुरुआत है तो मुझे लगता है कि शुभ दिनों में बात होगी और सब अच्छा ही रहेगा। हमारी स्थिति सम्मानजनक ही रहेगी। सम्मान के साथ समझौता कर कौन किस गठबंधन में रहता है।

### बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी

# बॉर्डर इलाकों में 393 चेक पोस्ट की स्थापना



**एजेंसी ▸▸ पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए 23 सीमावर्ती जिलों में 393 चेक पोस्ट की स्थापना की जा रही है। इनमें 50 एसएसबी चेक पोस्ट भी शामिल हैं। सोमवार को बिहार पुलिस के एडीजी (मद्य निषेध) अमित जैन ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में भी 176 मिरर चेक पोस्ट स्थापित किये जाने हेतु संबंधित राज्यों से अनुरोध किया गया है।

इनमें उत्तर प्रदेश में 96, झारखंड में 46 और पश्चिम बंगाल में 34 मिरर चेक पोस्ट बनेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में माह अगस्त तक कुल 84,789 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इसमें 52,470 शराब पीने वाले, 2416 वारंटी तथा 29,903 अन्य लोग (आपूर्तिकर्ता, वितरण कर्ता, भंडारण कर्ता इत्यादि) है। अन्य राज्य के कुल 854 लोग शराब के कारोबार में संलिप्त होने के आरोप में बिहार में गिरफ्तार किए गए हैं।

### व्यवस्था में बदलाव करने जा रही योगी सरकार

# यूपी के सभी डीएम से छिनेगा भूखंडों पर छूट देने का अधिकार

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश की व्यवस्था में एक बदलाव करने जा रही है। इस बदलाव के लिए डीएम से एक अधिकार छिन जाएगा। अफसरों की बैठक में इसको लेकर पूरी तरह से सहमति भी बन गई है। दरअसल प्रदेश में निवेशकों को भूखंड पर मिलने वाली छूट देने का अधिकार अभी तक डीएम के पास था। अब इस व्यवस्था में योगी सरकार बदलाव करने जा रही है। इसके बाद डीएम से औद्योगिक पार्कों में स्थित भूखंडों पर छूट देने का अधिकार छिन जाएगा। इसे बदल कर उपायुक्त उद्योग को देने की है। इस संबंध में जल्द ही दिशा-निर्देश जारी करने की तैयारी है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में औद्योगिक पार्कों में भूखंड के आवंटन को लेकर आने वाली दिक्कतों पर चर्चा हुई थी। इसमें स्थित भूखंडों के आवंटन पर छूट प्रदान करने के लिए साक्षी के रूप में डीएम या फिर उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की व्यवस्था है। इसी तरह स्टांप ड्यूटी में छूट प्राप्त करने की प्रक्रिया में साक्षी के रूप में डीएम के हस्ताक्षर से छूट देने की व्यवस्था है। डीएम को समय न मिल पाने की वजह से उद्यमियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पेज एक का शेष

### एच1बी वीजा पर मची...

से हमारी लगभग सभी चिंताएं दूर हो गई हैं।

**यूं उड़ान में हुई 3 घंटे की देरी :** सैन फ्रांसिस्को में एमिरेट्स की फ्लाइट से कुछ भारतीयों को उस वक्त अचानक उतारा गया। एक यात्री ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। जिससे ये पता चला कि विमान के उड़ान भरने से ठीक पहले ही कुछ यात्रियों को अचानक उतार दिया गया। जिससे विमान के उड़ान भरने में कुल करीब तीन घंटे की देरी हुई। विमान से उतरते हुए लोगों के चेहरे पर अमेरिका लौटने की चिंता साफ तौर पर देखी जा सकती है। एक अन्य वीडियो में कुछ यात्री गलियों में खड़े हुए नजर आ रहे हैं। जबकि अन्य अपने फोन पर स्क्रॉल पर नजर बनाए हुए हैं। कुछ लोग विमान के उड़ान भरने की प्रतीक्षा में इधर से उधर देख रहे हैं।

**कैप्टन की घोषणा, यात्री चाहें तो उतर सकते हैं :** सोशल मीडिया पर आए एक अन्य वीडियो में एमिरेट्स की फ्लाइट के कैप्टन को ये घोषणा करते हुए सुना जा सकता है कि जो यात्री चाहें वो विमान से उतर सकते हैं। मौजूदा हालात के बीच कुछ यात्री हमारे साथ यात्रा करने के इच्छुक नहीं हैं। जो पूरी तरह से वाजिब है। इसलिए हम यह कहना चाहते हैं कि अगर आप उतरना चाहते हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने बताया, एच1बी वीजा को लेकर अमेरिका में हकीकत में भारतीयों में बहुत अधिक तनाव है और वो काफी परेशान हैं।

**नए वीजा धारक करेंगे 1 लाख डॉलर का भुगतान :** 'द यूएस सिटीजन एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस)' के 'एच1बी एफएक्यू' दस्तावेज के मुताबिक, बढ़ा हुआ 1 लाख डॉलर का वीजा शुल्क केवल नए वीजा धारकों से ही लिया जाएगा। जबकि पुराने यानी मौजूदा वीजा धारकों, वीजा नवीनीकरण करने वालों, पुराने वीजा के तहत अमेरिका में प्रवेश करने में लगे हुए लोगों और 21 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन करने वालों को इसका भुगतान नहीं करना पड़ेगा। जो लोग अस्थायी रूप से बाहर जाकर वापस अमेरिका लौटना चाहते हैं। उन पर भी यह बढ़ा हुआ शुल्क लागू नहीं होगा। 2026 लॉटरी से जुड़े वीजा आवेदकों और आवेदन के लिए नियत तारीख के बाद आवेदन करने वाले वीजा धारकों को 1 लाख डॉलर का भुगतान करना पड़ेगा। अमेरिकी प्रशासन ने कहा कि उसका यह फैसला वो शुरुआती कदम है, जिसके तहत एच1बी वीजा कार्यक्रम में सुधार के साथ ही दुरुपयोग और अमेरिका के कर्मियों के हितों की रक्षा करना है। इससे वीजा धारकों के यात्रा अधिकार प्रभावित नहीं होंगे। एक व्हाइट हाउस अधिकारी ने कहा कि एक लाख डॉलर की फीस सबसे पहले अगली लॉटरी साइकिल पर लागू होगी। जिसका भुगतान वीजा धारक को केवल एक बार ही करना पड़ेगा। दस्तावेज के साथ ही अमेरिका के गृह-सुरक्षा विभाग (डीएचएस) और डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट (डीओएस) को उक्त आदेश के धरातल पर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**21 सितंबर 2026 तक लागू रहेगा फैसला :** अमेरिका का यह निर्णय 21 सितंबर से लेकर आगामी एक वर्ष तक लागू रहेगा। उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति इस संबंध में कोई अन्य आदेश पारित कर भविष्य के संबंध में निर्णय लेंगे। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है। जिसके तहत अमेरिका की कंपनियां विदेशी विषय विशेषज्ञों को नियुक्त कर सकती हैं। मूलतः ये वीजा इंजीनियरिंग, आईटी, विज्ञान और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में लागू होता है। वीजा की अवधि 36 महीने यानी तीन साल की होती है। लेकिन इसे 6 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। नियम कहते हैं कि अगर कोई विशेषज्ञ अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित किए बिना जनकल्याण का कार्य करने के लिए पूरी तरह से योग्य है तो उसे वीजा को लेकर छूट भी प्रदान की जा सकती है।

### मुफ्त में मिलेगा...

सशक्तिकरण के प्रतीक और परिवर्तन के स्रोत के रूप में भी की। पुरी ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से लोगों में खुशी की लहर है और इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

### सभी दुकानदारों से ...

के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। पीएममोदी ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5% की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज़्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5% टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी।

### स्वदेशी अपनाने की...

स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें।

### 50 फीसदी टैरिफ पर...

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर जुर्माने यानी दंडात्मक टैरिफ के रूप में लगाया है। वर्तमान समय में भारत और ब्राजील ही दुनिया के दो ऐसे देश हैं। जिन पर अमेरिका ने सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। सनद रहे कि ये दोनों देश ब्रिक्स के सदस्य हैं और अमेरिका ब्रिक्स के सख्त खिलाफ है। समूह के एक अन्य देश चीन पर अमेरिका ने 30 फीसदी टैरिफ लगाया है। जबकि यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर पहले ही कड़े प्रतिबंध लागू हैं।

**पीओके के लोग भारत विलय पर खुद बोलेंगे :** रक्षा मंत्री ने पीओके के मामले पर प्रवासी भारतीयों से कहा कि पाकिस्तान का अवैध कब्जे वाला कश्मीर, पीओके जल्द ही भारत का हिस्सा बनेगा। जिसके लिए मांग वहां के बाशिंदों द्वारा खुद की जाएगी और वो कहेंगे मैं भी भारत हूं। उन्होंने पांच साल पहले कश्मीर घाटी में एक कार्यक्रम में दिए अपने संबोधन को याद करते हुए कहा कि हमें पीओके पर हमला करने और उस पर कब्जा नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि वो हमारा ही है। एक दिन वो खुद ही कहेगा कि मैं भी भारत हूं। राजनाथ ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि वो दिन जरूर आएगा।

**मजबूत होगी रक्षा-रणनीतिक साझेदारी :** बीते कुछ सालों से भारतीय नौसेना के जहाज मोरक्को के एक अहम कैसाब्लांका में रुकते थे। समझौते से इस संबंध में भी लाभ मिलेगा। वर्ष 2015 में मोरक्को के राजा मोहम्मद-छह की भारत यात्रा के दौरान नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तेजी देखने को मिली है। रक्षा मंत्री का यह दौरा इस साझेदारी को विशेष रूप से रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रवासियों को उन्होंने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से विकास हो रहा है और वह दुनिया में 11वें से चौथे स्थान पर जा पहुंची है। जल्द ही हम दुनिया की तीसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। रक्षा क्षेत्र भी तेजी से विकास कर रहा है। वर्तमान में भारत 100 से अधिक देशों को रक्षा निर्यात कर रहा है। इससे संबंधित उत्पादन 1.5 लाख करोड़ पर और रक्षा निर्यात 23 हजार करोड़ पर जा पहुंचा है।

### यूं बरकरार रखा...

है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या हमने ऐसा चाहा? फिर जवाब में बोले, अगर हम ऐसा चाहते तो हम किसी भी पाक के किसी भी सैन्य और असैन्य ठिकाने को निशाना बना सकते थे।

### रक्षा सहयोग बढ़ाने के...

दीर्घकालिक दोस्ती को और अधिक मजबूत बनाने के संयुक्त संकल्प को भी साझा किया गया। रक्षा मंत्री ने मोरक्को के अपने समकक्ष और रक्षा मंत्री लोदी को रक्षा सहयोग पर चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए भारत यात्रा का निमंत्रण दिया है।

**रणनीतिक हितों को लेकर बढ़ता सामंजस्य :** मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री ने बैठक में रबात में भारतीय दूतावास की एक नई रक्षा विंग के उद्घाटन की भी घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने देश के रक्षा उद्योग की परिपक्वता, ड्रोन-ड्रोन रोधी तकनीकों के साथ इसकी अत्याधुनिक क्षमताओं को भी रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने मोरक्को पक्ष को यह आश्वासन दिया कि भारतीय कंपनियां मोरक्को के रक्षा बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**क्षेत्रीय-वैश्विक चुनौतियों से निपटेंगे :** दोनों रक्षा मंत्रियों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए बहुपक्षीय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया है। हिंद महासागर और अटलांटिक गलियारों के सामरिक महत्व के मद्देनजर समुद्री सुरक्षा में घनिष्ठ समन्वय का स्वागत किया। सशस्त्र बलों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों व रक्षा क्षेत्र में सह-उत्पादन और विकास के अवसरों की खोज के महत्व पर भी दोनों रक्षा मंत्रियों ने अपनी बैठक में जोर दिया।

**श्रीलंका के दौरे पर नौसेनाप्रमुख :** उधर, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी सोमवार से श्रीलंका की चार दिवसीय (22 से 25 सितंबर तक) यात्रा पर हैं। जिसमें वह श्रीलंका के प्रधानमंत्री डॉ.हरिनी अमरसूर्या और वाइस एडमिरल कंचना बानागोड़ा से मुलाकात करेंगे। रक्षा सहयोग से जुड़े विषयों पर उनकी तीनों सेनाओं के प्रमुखों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत होगी। एडमिरल त्रिपाठी कोलंबो में बदलते हालात में हिंद महासागर की समुद्री दृष्टि विषय पर आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री सम्मेलन गैल डायलॉग-25 के 12वें संस्करण में भी भाग लेंगे।

### अंतरिक्ष में भारतीय...

और उनके प्रभाव का प्रत्यक्ष नजारा देखा है।

**50 बॉडीगार्ड सैटेलाइट बनाएगा भारत :** बॉडीगार्ड सैटेलाइट परियोजना केंद्र सरकार की अंतरिक्ष और राष्ट्र की सुरक्षा को सुरक्षित बनाने की कवायद से जुड़ी हुई है। जिसके लिए सरकार ने कुल करीब 270 अरब रुपए का बड़ा बजट निर्धारित किया है। योजना के मुताबिक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा ऐसी 50 सैटेलाइट बनाई जा रही हैं। जिनमें इस श्रेणी की पहली सैटेलाइट को अगले साल 2026 में लांच किया जा सकता है।

**इसलिए पड़ी बॉडीगार्ड की जरूरत :** बात पिछले साल 2024 के जून महीने की है। जब इसरो की सैटेलाइट धरती से करीब 500 से 600 किलोमीटर की दूरी पर अंतरिक्ष में घूम रही थी। तभी हमारे पड़ोसी देश की भी एक सैटेलाइट हमारी सैटेलाइट के बेहद करीब आ गई थी। दोनों के बीच की संभावित दूरी लगभग एक किलोमीटर की रही होगी। जिससे दोनों की आपस में टकराने का गंभीर अंदेशा था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। घटना तो टल गई लेकिन इसके बाद से भारत बेहद चौक्कना हो गया है और अब उसने बॉडीगार्ड सैटेलाइट बनाने का निर्णय लिया है। धरती से अंतरिक्ष की उक्त दूरी पर एलन मस्क की स्पेस कंपनी स्टारलिंक की सैटेलाइट भी भ्रमण करती रहती हैं। उधर, जानकारों की राय में भारतीय सैटेलाइट से टकराने वाली ये सैटेलाइट चीन की थी।





आवरण कथा

मोनिका शर्मा

# व्यावहारिक धरातल पर बढ़ती स्त्री शक्ति की स्वीकार्यता

यह एक अनुपम संयोग है, इस बार नवरात्रों में बेटी दिवस भी पड़ रहा है। नवरात्र में कन्या पूजन की परंपरा है। बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजना मात्र एक रीत नहीं है, यह स्त्री शक्ति का मान है। दूसरी ओर नवरात्र में देवी की उपासना से हमें आध्यात्मिक-मानसिक ऊर्जा मिलती है, हमारी आत्मशक्ति बढ़ती है। इसी आत्मशक्ति से आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेधा शक्ति प्रदर्शित कर रही हैं।

बेटियां घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। लक्ष्मीस्वरूपा कही जाती हैं। हमारे परिवारों में बिटिया के मान-मनुहार की रीत सदा से रही है। त्योहारी खुशियां, घर की लाडलियों की मुस्कुराहटों के बिना अधूरी सी लगती हैं। इतना ही नहीं, बिटिया को देवी स्वरूप मानकर पूजन का भी रिवाज है। मां आदिशक्ति की उपासना के ये दिन बेटियों के सशक्त रूप और पूज्यनीय स्थान को ही याद दिलाते हैं। सुखद है कि बेटियां आज कोमलांगी रूप में स्नेह-मान ही नहीं पा रहीं, उनका सशक्त स्वरूप आर्म्ड फोर्सेस से लेकर खेलों की दुनिया तक भी स्पष्ट दिखता है। ऐसे में मां शक्ति की अर्चना के उत्सव में कन्या पूजन की रीत, बेटियों से सशक्त व्यक्तित्व की स्वीकार्यता और स्नेह जताने के भाव से ही जुड़ी है। वहीं पंडालों में मां शक्ति के समक्ष नत होने का भाव स्त्री शक्ति के सामर्थ्य का सुंदर उत्सव सा है।

**शक्ति पूजन से जुड़ा रिवाज:** बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजन करने की रीत मात्र एक रिवाज भर नहीं है। यह स्त्री शक्ति को मान देने की रीत भी है। मां गौरी के सौम्य ही नहीं, रौद्र रूप तक की आराधना का भाव लिए है। शक्ति के प्रति भय नहीं, भावपूर्ण जुड़ाव की झांकी-सा है। असल में नवरात्रों में कन्या का पूजन करने के पीछे बेटियों को सर्वविद्या स्वरूपिणी मानने की आस्था भी है। यही वजह है कि हमारे शास्त्रों में भी मां गौरी स्वरूप मानते हुए बालिकाओं के पूजन को बहुत अहमियत दी गई है। इसका एक प्यारा और प्रगतिशील पक्ष यह भी है कि इससे धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-पारिवारिक पहलू भी जुड़े हैं। सामाजिक रूप से कन्या पूजन में कोई जाति भेद ना रखना, रेखांकित करने वाली बात है। वहीं परिवार में भी बिटिया को समान अधिकार और परवरिश मिलने की सोच को बल मिलता है। धार्मिक मोर्चे पर यह मातृ शक्ति के रूप में स्त्री के सामर्थ्य को मान देने का पहलू लिए है।

**साहस और सफलता की स्वीकार्यता:** असल में नवरात्र शब्द संस्कृत के 'नव' और 'रात्र' से बना है। यहां नव का अर्थ नौ और रात्र यानी रातें है। माता दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित नौ रातों में आस्था और उत्सव की रौनक हर ओर दिखती है। उपवास और आराधना के ये दिन भीतरी बदलाव के भी प्रतीक हैं। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर मां शक्ति की विजय का स्मरण करवाता है। यह जीत स्त्री शक्ति और उनके मान के मायने समझाती है। माता भगवती के नौ शक्तिशाली रूपों के सम्मान का भाव कहीं न कहीं महिलाओं के सम्मान और समानता की सोच को भी पोसता है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो आज हर ओर स्त्रियों की सशक्त उपस्थिति दिखती है। यह मौजूदगी उनके सबल होने का ही प्रतीक है। भारत में महिलाओं की कुल आबादी लगभग 66.3 करोड़ है। इनमें हर आयुवर्ग की स्त्रियां शामिल हैं। महिलाओं के कुल आबादी में से करीब 45 करोड़ महिलाओं की उम्र 15 से 64 वर्ष के बीच है। देश की श्रमशक्ति में अहम हिस्सेदारी निभाने वाली युवतियां हों या परीक्षाओं में अव्वल आने वाली बेटियां, महिलाएं राष्ट्र की रीढ़ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल बटोरने वाली लाडलियां हों या सैन्य मोर्चे पर डटीं बेटियां, ये शक्तिस्वरूपा बन परिवार का ही नहीं, देश का भी मान बढ़ा रही हैं। ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज नजर आती हैं। स्टार्टअप्स की बात हो या सफल उद्यमियों की, महिलाएं अहम भूमिकाओं में दिख रही हैं। सुखद है कि देश की श्रमशक्ति का हिस्सा बनी स्त्रियों के साहस और सफलता की समग्र समाज में स्वीकार्यता दिखती है। वहीं घर-परिवार को थामने वाली स्त्रियों की भागीदारी और संघर्ष को भी समझा और मन से मान दिया जाने लगा है।



**विचार और व्यवहार का परिष्करण:** नवरात्र का पर्व समाज में वैचारिक चेतना भी जगाता है। मां की उपासना के इन दिनों में आध्यात्मिक और मानसिक ऊर्जा के उपार्जन को बल मिलता है। पूजन-अर्चन का यह जीवंत उत्सव सकारात्मक सोच और आत्मशुद्धि की ओर प्रवृत्त करता है। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते' श्लोक के अनुसार-देवी तुम चेतना के रूप में सभी जीवों में स्थित हो। यह भाव मां की सर्वव्यापकता और चेतनामयी उपस्थिति को समझाता है। आराधना से जुड़ा यह भाव इंसानी मन को चैतन्य बनाता है। अपने परिवेश और प्रकृति से जोड़ता है। विचार और व्यवहार के इस परिष्करण से भी स्त्रियों के प्रति मान का भाव बढ़ा है। वहीं आत्मिक ऊर्जा जुटाकर स्त्रियां सबल बन रही हैं, अपने लक्ष्यों तक पहुंच रही हैं। महिलाएं तो विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर रूढ़िवादी बंधनों से खुद को मुक्त कर ही रही हैं, समाज भी उनके जाग्रत अस्तित्व को सम्मान देने लगा है। स्त्री शक्ति चेतनामयी बन जीवन के अंतर्द्वंद्वों पर विजय पा रही है। परिवार में भी सधी सोच की सजगता से दमकते बहू-बेटियों के व्यक्तित्व को सराहा जाने लगा है। नवरात्र, मां आदिशक्ति की उपासना का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व जरूर है पर हर क्षेत्र में भागीदारी दर्ज करवाती महिलाओं के सामर्थ्य और बुराइयों का प्रतिकार करने की उनकी सोच हमें स्त्री शक्ति के वास्तविक स्वरूप से भी मिलवाती है।

## नेह-सम्मान का साझा भाव

बेटियां समाज की साझी होती है। उनका मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संभवतः इसीलिए मां शक्ति की उपासना में, आस-पड़ास और समाज की नौ कन्याओं को भोजन करवाने का रिवाज जुड़ा है। देवी का रूप मानकर कन्या



पूजन करने की परंपरा को कंजक कहा जाता है। बंगाल में तो छोटी-छोटी बच्चियों को भी मां कह कर बुलाया जाता है। वहां छठवें दिन मां आदि शक्ति के आह्वान से शुरू होने वाला यह पूजन-अर्चन का उत्सव, दसवें दिन तक चलता है। यहां भी मां गौरी को बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता दुर्गा, इन दिनों ससुराल से मायके आती हैं। आज जब बेटियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है, नवरात्र के पर्व से जुड़ी आस्था का भाव उनकी सुरक्षा-सम्मान दोनों का संदेश देता है। कंजक के रूप में छोटी बच्चियों से लेकर मायके आने वाली बिटिया के मान-मनुहार तक, बेटियों को अपना मानने और उनका मान बनाए रखने की साझी रीत को लिए है।

# नवरात्रों में ऐसे करें देवी पूजन सिद्ध होंगी सभी मनोकामनाएं

नवरात्रों में देवी पूजन का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। अगर आप इस दौरान शास्त्रोक्त विधान से पूजन करेंगी तो देवी माता की विशेष कृपा आपके पूरे परिवार को प्राप्त होगी।

पूजन-विधान

अनिता जैन, वास्तुविद



मां आदिशक्ति भवानी की उपासना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व, शारदीय नवरात्र कल (22 सितंबर, सोमवार) से शुरू हो चुका है। आगामी 2 अक्टूबर, मंगलवार को विजय दशमी के साथ इसका समापन होगा।

**मां दुर्गा की महिमा:** नवरात्र के इन पावन दिनों में मां के भक्त परब्रह्म शक्ति की उपासना करके स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए, लेकिन देवी के प्रमुख नौ रूपों (मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र का हर दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है, हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर, उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या और दीर्घायु का वरदान प्रदान करती हैं। इसलिए नवरात्र, माता भगवती की साधना का सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्र के नौ दिनों में पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन, इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं, वही परम शक्ति हैं। यह जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी हैं। इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें देवी पूजन:** नवरात्रों में प्रतिदिन प्रातः घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताजे पत्तों का तोरण लगाएं। मान्यता है कि माता की पूजा के दौरान देवी के साथ तामसिक शक्तियां भी घर में प्रवेश करती हैं, लेकिन मुख्यद्वार पर बंदनवार लगी होने के कारण तामसिक शक्तियां घर के बाहर ही रहती हैं। इस दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या फिर आसन पर, स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं, जौ समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे' से पूजा कर सकते हैं और यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। माता शक्ति का यह मंत्र अमोघ है। अगर संभव हो सके तो देवी को श्रृंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए 'ॐ दीप ज्योतिः परब्रह्म दीप ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु में पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, सुख-शांति आती हैं।

### देवी मां के इन मंत्रों का करें जाप

मान्यता है कि अगर नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के मंत्रों का जाप पूरे भक्तिभाव से किया जाए तो व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है, जीवन भय एवं बाधारहित हो जाता है और साथ ही समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

- सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
  शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।
- ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
  दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।

अनुभूति

सरस्वती रमेश

# परिवार की अनमोल रत्न हैं बेटियां

बेटियां घर-परिवार की वो खुशबू होती हैं, जो सबको अपनेपन से बांधे रखती हैं। सबको आपस में जोड़, घर की ताकत बढ़ाती हैं बेटियां। ऐसे में बेटियां इस बात की हकदार हैं, उन्हें हर परिवार में प्यार-दुलार और मान-सम्मान मिले।

जिस घर में बेटियां होती हैं, वह घर हमेशा प्रेम-स्नेह से सराबोर रहता है। एक भीनी-भीनी आत्मीय सुगंध परिवार के हर सदस्य को मिलती रहती है। जिस तरह गुलाब के फूल पूरे चमन की खूबसूरती को बढ़ा देते हैं, ठीक ऐसे ही बेटियां, घर-आंगन की रौनक बढ़ा देती हैं। बेटियां परिवार, रिश्तों और भावनाओं को बड़ी तन्मयता से अपने स्नेह के जल से सिंचित करती हैं।



**बेटियों से रोशन हैं रिश्ते:** बेटियां घर की रौनक होती हैं। बचपन में वो अपनी मासूम हंसी और आत्मीय बातों से सबका मन मोह लेती हैं। बड़ी होने पर अपनी पढ़ाई और देखभाल से सबकी चहेती बन जाती हैं। शादी के बाद यादों में बस कर माता-पिता, दादा-दादी सबकी आंखों में आंसू छलका देती हैं। पहले घर के कामों में आगे बढ़कर मां का हाथ बंटाती हैं, फिर शादी होने के बाद संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाती हैं। ससुराल और मायके के बीच पुल बनकर दो परिवारों को जोड़ती हैं। इस तरह सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा की धारा को अनवरत जारी रखती हैं। बेटियां, एक रिश्ते में कई रिश्तों के अहसास दिलाती हैं। हर रिश्ते में प्यार की मिठास घोलती हैं बेटियां।

**सबकी परवाह करती हैं:**



पारिवारिक फिल्मों में ऐसे दृश्य खूब दिखाई देते हैं, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घर के किसी काम के लिए छोटी या बड़ी बेटी को ही बुलाते हैं। उन्हें पता है कि उनका काम बेटी जरूर कर देगी। बेटी भी खुशी-खुशी मम्मी-पापा, दादा-दादी, काका-काकी की पुकार पर दौड़ी चली आती है। ये सिर्फ फिल्मों के दृश्य नहीं हैं। आज भी हमारे भारतीय परिवारों में रिश्ते-नातों से प्रेम बेटा-बेटी दोनों करते तो हैं, लेकिन बेटी के प्रेम में करुणा, ममता और सेवाभाव भी होता है। पापा की छोटी-मोटी चीजें, दादाजी का चश्मा और दादी की जोड़ों के दर्द की दवाएं कहीं खो जाएं हैं तो उसे बेटी ही ढूंढ कर लाती है।

**घर को सजाती है बेटियां:** घर को सहेजने, संवारने में बेटियां जी-जान लगा देती हैं। परिवार से रिश्ता गांठने वाली बेटियां घर के कोने-कोने से संबंध बना लेती हैं। तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है, बेटियों का मान-सम्मान करने के साथ ही, उनके मन को समझने की कोशिश करें। ससुराल जाने के बाद भी उन्हें वही पुराना दुलार-प्यार जीवन भर दें।

### बेटी दिवस का संदेश

बेटियां माता-पिता के जीवन की सबसे अनमोल रत्न होती हैं। फिर ऐसा क्यों है कि घर-परिवार और समाज में पीड़ित, प्रताड़ित होने की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। दरअसल, सदियों से चली आ रही ये रीतियां गलत हैं। इन्हें बदलने की पहल हमको, आपको ही करनी होगी। यह हमारी और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें घर-परिवार में आदर के साथ बराबरी का अधिकार मिले। जिस घर को संवारने में उन्होंने अपना तन-मन लगाया, उस घर की संपत्ति में उन्हें भी बराबर का हक दिया जाए, जिससे किसी मुसीबत में पड़ने पर जब भी वो ससुराल से मायके लौटें तो अपना घर समझ कर लौटें। तो बेटी दिवस (28 सितंबर) पर आप भी संकल्प लें, अपने घर की बेटियों को बिना किसी बंधन या रूढ़ियों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की आजादी देंगे। बेटी दिवस मनाने के पीछे संदेश भी यही है।

मेकअप

ललिता गोयल

# मेकअप करें ऐसे कि फंक्शन में आप दिखें सबसे अलग-गॉर्जियस

नवरात्र के दौरान युवतियां और टीनएजर गर्ल्स गरबा और डांडिया फंक्शन में शामिल होने के लिए मचलने लगती हैं। इस खास अवसर पर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। इसके साथ आपको अपने मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि खूबसूरत मेकअप ही आपके लुक में चार चांद लगाता है। अगर आप भी गरबा नाइट के दौरान खुद को सबसे अलग और गॉर्जियस दिखाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स को फॉलो करें।

**फेस क्लीनिंग:** डांडिया फंक्शन के लिए मेकअप ऐसा होना चाहिए, जो पसीने से बहे भी नहीं और ज्यादा देर तक टिका भी रहे। इसके लिए मेकअप से पहले चेहरे को क्लींजर से साफ करें और क्लीन फेस पर आइस पैक से मसाज करना भी ना भूलें।



**वाटर-बेस्ड प्रोडक्ट्स:** गरबा या डांडिया नाइट फंक्शन में शामिल होने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप ही अप्लाई करें, क्योंकि अगर मेकअप वाटरप्रूफ नहीं हुआ तो गरबा खेलते हुए पसीना आने से फेस का लुक खराब हो सकता है। वाटर-बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये काफी लाइट होते हैं।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप शुरू करने से पहले अच्छा फेस प्राइमर जरूर लगाएं। प्राइमर, मेकअप को लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। प्राइमर लगाने के बाद चेहरे, गले और बैक पर एसपीएफ फ्री फाउंडेशन से बेस बनाए।

**कंसीलर यूज करें:** मेकअप करते समय चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करेक्टर या कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसके बाद कॉम्पेक्ट पावडर लगाएं।

**ब्लश से शाइनिंग लुक:** चेहरे को शाइनिंग लुक देने के लिए चीक्स पर आगे की तरफ से ब्लशर को आउटर चीक्स की तरफ ब्लेंड करें।

**लिपस्टिक:** गरबा नाइट में तैयार होने के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज, कलर की लिपस्टिक का शेड बेहद खूबसूरत लगता है। ये शेड्स पूरे लुक में निखार लाते हैं। लाइट आई शैडो के साथ डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं और डार्क आई शैडो के साथ लाइट कलर की लिपस्टिक लगाएं, यह स्टनिंग लुक देगा।

**आई मेकअप:** आंखों का मेकअप करने के लिए सबसे पहले वाटर प्रूफ जैल आईलाइनर से आंखों के ऊपरी किनारे पर विंग्ड या स्मज लुक दें। वाटरलाइन पर काजल लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि वह स्मज-प्रूफ हो। इसके बाद वाटर प्रूफ मस्कारा लगाएं। आंखों का मेकअप करते समय अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ आईशैडो यूज करें। आई मेकअप को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए हल्की आई पेंसिल आईब्रोज पर अप्लाई करें। अंत में मेकअप सेटिंग स्प्रे का यूज करें।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस

डॉ. संजय कुमार चुग
एचओडी-कॉर्डियोलॉजी
नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट-डे, 29 सितंबर

बिगड़ते लाइफस्टाइल, अनहेल्दी फूड हैबिट, ओवर वर्कप्रेशर और अन्य कई कारणों से अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में हार्ट डिजीज से ग्रस्त हो रही हैं। इसके कारण, प्रमुख लक्षण और बचाव के बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# तब आपका हार्ट रहेगा हेल्दी



आज के दौर में अनहेल्दी डाइट और गलत लाइफस्टाइल के कारण पुरुषों से अधिक महिलाओं में हार्ट डिजीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भी हार्ट डिजीज महिलाओं में मौत का प्रमुख कारण बन चुका है, जो पुरुषों की तुलना में अब और भी ज्यादा जानलेवा साबित हो रहा है।

**प्रमुख कारण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के केसेस बढ़ने के कई कारण हैं। खान-पान पर जरूरी ध्यान ना दिया जाने के अलावा मोटापा भी हार्ट डिजीज का कारण बन सकता है। हाल के वर्षों में भारतीय महिलाओं में मोटापे की दर 40% से अधिक हो चुकी है। मॉडर्न लाइफस्टाइल के कारण महिलाएं अपनी डाइट और हेल्थ-फिटनेस का ध्यान नहीं रख पाती हैं। खासतौर पर डेस्क जॉब करने वाली वर्किंग वूमेन, जो लंबे समय तक इनएक्टिव रहती हैं, अगर वे रेग्युलर एक्सरसाइज न करें तो भी हार्ट डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। वर्क फ्रॉम होम का ट्रेंड बढ़ने से जॉब करने वाले प्रोफेशनल्स (पुरुष के साथ महिलाएं भी) को 8 घंटे के बजाय 12-14 घंटे तक लगातार काम करना पड़ता है। हाई प्रेशर जॉब और कम समय में टारगेट पूरा करने जैसी स्थिति में तनाव-हाइपरटेंशन से शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। यह भी हार्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक होता है। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर, नूडल्स जैसे जंक फूड खाना भी हार्मफुल है। इसके साथ ही स्मोकिंग एल्कोहल जैसी चीजों का सेवन करने से भी हार्ट ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है, जो हार्ट को सुरक्षा प्रदान करता है। इसी वजह से 50 वर्ष की आयु के बाद अनेक महिलाओं में हार्ट डिजीज का खतरा दोगुना हो जाता है। इसके साथ ही शुगर और थायरॉइड की समस्या भी हार्ट डिजीज के कारणों में से एक है।



**प्रमुख लक्षण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जिसके कारण इसके लक्षणों को पहचानने में देरी हो जाती है। महिलाएं इसके लक्षणों को सामान्य थकान या पाचन संबंधी समस्या समझ लेती हैं। आमतौर पर उन्हें सीने में तेज दर्द के बजाय हल्का दर्द, दबाव, जलन या भारीपन महसूस होता है, जो बाएं हाथ, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। सांस लेने में तकलीफ, सांस फूलना, चक्कर आना, अचानक ज्यादा थकान महसूस होना, जी मिचलाना, उल्टी, पेट में दर्द, नींद न आना, चिंता, घबराहट, ठंडा पसीना या अनियमित धड़कन का तेज होना, इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। यदि ये लक्षण 20-30 मिनट से अधिक रहें, तो तुरंत डॉक्टर से सहायता लें। महिलाओं में हार्ट डिजीज अकसर 'साइलेंट' होता है।

**बचाव एवं उपचार:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर कॉर्डियो वैस्कुलर डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। अपनी डाइट में मौसमी फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और हर तरह की दालों को शामिल करें। नमक, चीनी, घी, तेल और मिर्च-मसालों का सीमित इस्तेमाल करें। नियमित रूप से योग, व्यायाम और एक्सरसाइज करें। स्विमिंग भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। ऐसी एक्टिविटीज की वजह से वजन और ब्लडप्रेशर कंट्रोल रहता है, जो हार्ट डिजीज से बचाव में मददगार साबित होता है।

प्रस्तुति: विनीता कुमारी

## खबर संक्षेप



### फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती शुरू हो

**भोपाल।** मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा हिंदी भवन में रविवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस को फार्मेसी महोत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी ने मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। संघ के प्रांतीय सचिव सुनील सिंह ने प्रदेश में फार्मासिस्ट के रिक्त पदों की पूर्ति करने विधायक सबनानी का ध्यान आकर्षित करते हुए शासन से रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। सबनानी ने आश्वस्त किया कि संघ पर मांग पर मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से चर्चा कर इसका समाधान कराने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में एस बी सिंह, जय सिंह पटेल, आंकाक्षा शुक्ला, गणेश मेहरा समेत बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट शामिल हुए।

### गढ़पाले बने अजाक्स के कार्यकारी अध्यक्ष

**भोपाल।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांताध्यक्ष जेएन कंसोटिया ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विशेष गढ़पाले (सचिव ऊर्जा विकास मंत्रालय) को अजाक्स का प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही रीवा संभागीय आयुक्त बीएस जामोद और कृषि विभाग के उप सचिव संतोष वर्मा को प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### हिंदी विवि में 10 विभाग अध्यक्ष की नियुक्ति

**भोपाल।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय ने संकायों और विभागों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने नीलम पाठक को समाजशास्त्र विभाग, डॉ. राजेश कुमार मिश्र को गणित विभाग, डॉ. भूपेंद्र कुमार सुल्लेरे को पत्रकारिता विभाग, डॉ. ब्रजेश रिछारिया को संस्कृत विभाग, डॉ. हरीश वर्मा को संगीत विभाग, डॉ. रवींद्र मुंडे को नाट्य विभाग, डॉ.रितु श्रीवास्तव को राजनीति विज्ञान विभाग, डॉ. कमलिनी पसीने को अनुवाद विभाग, डॉ. अमीन खान को मत्स्य विभाग और डॉ. संजय त्रिपाठी को जीवविज्ञान एवं प्राणीशास्त्र विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुलसचिव शैलेंद्र कुमार जैन के आदेश के अनुसार इन प्रभारी की नियुक्ति तीन वर्षों के लिए की गई है।

### शहडोल में महिलाओं व बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**भोपाल।** शहडोल जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान में 3664 महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण किया गया। परामर्श के अनुसार निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। जिले के सोहागपुर कन्या हाई सेकेन्डरी स्कूल में बालिकाओं को स्वच्छता के महत्व एवं नशे के दुषपरिणामों की जानकारी दी गई। वन परिक्षेत्र बुढ़ार में वन विभाग के अमले ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौध रोपण किया गया।

# जवान की पार्थिव देह पहुंची गृहगांव, पूरे क्षेत्र में माहौल गमगीन

**तीन दिन पहले मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में हुए थे शहीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

जिले के बालेंगा के उपयगुड़ा में रहने वाले रंजीत कश्यप तीन दिन पहले मणिपुर में उग्रवादियों के साथ हुए हमले में बलिदान हो गए थे। सोमवार की सुबह जवान का पार्थिव देह जैसे ही गांव पहुंची, हर किसी की आखों से आंसू आ गए, बड़े, बच्चे से लेकर बुजुर्ग की आंखें नम हो गई। रंजीत के साथ गुजारे समय के साथ ही उसके साथ बैठकर की गई बातों को याद कर भावुक हो जा रहे थे। गांव में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा, इस दौरान बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के साथ ही वन मंत्री केदार कश्यप भी जवान के घर पहुंचे, जहां रंजीत को नम आंखों से विदाई दी गई। बता दें कि जब से रंजीत के घर में इस बात का पता चला कि उग्रवादियों के साथ हुए हमले में रंजीत कश्यप शहीद हो गए। घर के साथ ही पूरे गांव में मातम छा गया।



### नहीं रहा एकलौता बेटा

*वहीं पिता अपने बेटे के शव को देखने के बाद इस चिता में डूब गए कि आखिर उनका एकलौता बेटे के जाने के बाद इन बुजुर्ग का सहारा कौन बनेगा, वहीं मां को अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि जिस रंजीत को पिछले रविवार को हंसी खुशी के साथ ड्यूटी जाने के लिए विदा किया था, वही रंजीत चार दिन के बाद तिरंगे में लिपट कर अपने घर आएगा। जहां रंजीत के आने से परिवार के साथ ही दोस्तों में हंसी ठिठोली देखी जाती थी। वहीं रंजीत के जाने के बाद पूरा गांव रो पड़ा।*

### पूरा गांव उमड़ पड़ा शहीद को अंतिम नमन करने

*तीन दिन से परिवार से लेकर दोस्त आदि रंजीत के पार्थिव देह को देखने के लिए दिन-रात मौजूद रहे। सोमवार को जैसे ही जवान की पार्थिव देह जगदलपुर एयरपोर्ट से गृहग्राम बालेंगा पहुंची, लोगों के द्वारा उसके अंतिम दर्शन करने के लिए जमा हो गए। परिवार के साथ ही पूरे गांव में सब की आंखे नम थी, वहीं जवान रंजीत की तीन बेटियां भी इस बात को समझ नहीं पा रही थी कि आखिर घर में क्या चल रहा है। रंजीत की पत्नी एक बार अपने पति की देह को देखती तो एक बार अपने बच्चों को निहारती, उसे समझ ही नहीं पा रहा है कि अब इन 3 मासूम बच्चियों को कैसे समझाएगी की उनके पिता अब इस दुनिया में दोबारा नहीं आ पाएंगे।*

## सीएम सैनी बोले

### स्टार्टअप के लिए जीएसटी सेल गठित

# छोटे उद्यमियों पर सरकार मेहरबान, बनाया विभाग

*मुख्यमंत्री सैनी ने पंचकूला में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में कहा कि केंद्र ने 'प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान धन योजना' के तहत दुकानदारों के लिए 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 3000 न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित की है।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलकर सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चल रही है।

**पंचकूला में महाराजा अग्रसेन जयंती में पहुंचे सीएम**

**अग्रवाल समाज से विकास में योगदान का किया आह्वान**

मुख्यमंत्री पंचकूला में हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार -प्रसार योजना के अंतर्गत आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा उद्योगपतियों की सुविधा के लिए लागू की जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि लघु व मध्यम व्यापारियों के कल्याण के लिए अलग से एमएसएमई विभाग का गठन किया गया है। गुरुग्राम में स्टार्टअप की मदद के लिए जीएसटी सुविधा सेल स्थापित किया है। इसमें स्टार्ट-अप को पंजीकरण से लेकर रिटर्न दाखिल करने तक एंड-टू-एंड मदद मिल रही है। इसी प्रकार, पंचकूला में एमएसएमई जीएसटी सुविधा सेल की स्थापना की गई है। *(पेज 2 भी देखें)*



### धान खरीद कार्य का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए फसल खरीद कार्य को एक अक्टूबर की बजाए 22 सितंबर से शुरू करने का काम किया है। इस धान के सीजन में किसानों की धान की फसल के खरीद का कार्य का शुभारंभ लाडवा अनाज मंडी से किया गया है। सरकार की तरफ से किसानों की धान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाडवा अनाजमंडी में धान की खरीद कार्य को शुरू करवाया।

> **उद्योगपतियों की सुविधा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही**

> **देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है हरियाणा**

> **जीएसटी सुधार से देश और प्रदेश के विकास में बड़ा योगदान मिलेगा**

### व्यापार के अनुकूल कदम उठाए

सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में उद्योग और व्यापार के अनुकूल माहौल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान धन योजना' के तहत खुदरा विक्रेताओं और दुकानदारों के लिए 60 वर्ष की आयु होने पर 3 हजार रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित की है।

### 'ई-वे बिल योजना' शुरू की

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 'मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना' के तहत 20 साल से अधिक समय से किराये या लीज अथवा लाइसेंस फीस पर चल रही पालिकाओं की दुकानों व मकानों की मलकीयत उन पर काबिज व्यक्तियों को दी हैं। व्यापारियों की सुविधा हेतु माल के अंतर्राज्यीय आवागमन के लिए 'ई-वे बिल योजना' शुरू की है।

### जीएसटी सुधार से होगा 4 हजार करोड़ रुपये का फायदा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में लागू किए गए जीएसटी सुधार से प्रदेश में आम नागरिकों का साल भर में 4 हजार करोड़ रुपये का फायदा होगा और यह प्रदेश व देश के आर्थिक विकास में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएंगे। यह जीएसटी सुधार न केवल व्यापारियों को राहत देंगे बल्कि आम उपभोक्ताओं के जीवन को भी सरल बनाएंगे। अहम पहलु यह है कि नागरिक अब कम जीएसटी का लाभ उठाकर स्वदेशी उत्पाद अपने घर लेकर आए। इन सुधारों से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों में पारदर्शिता आएगी। सीएम ने मार्केट और मेन बाजार में दुकानदारों और व्यापारियों को जीएसटी दरों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

**पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद मुख्यमंत्री ने दिया संदेश**

## मुख्यमंत्री ने कहा- नवरात्रि से प्रारंभ बचत उत्सव का सभी वर्गों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी की दरें कम करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया, जिसके माध्यम से 5 प्रतिशत की जीएसटी के दायरे में 99 प्रतिशत वस्तुएं आ गई हैं। सोमवार 22 सितम्बर नवरात्रि के दिन से यह हमारे लिए एक तरह से बचत उत्सव के रूप में मनेगा। इसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि सभी नागरिक गर्व से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की शाम प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के पश्चात मीडिया को दिए संदेश में कहा कि नवरात्रि का शुभारंभ जीएसटी बचत उत्सव से हो रहा है। यह समस्त राष्ट्रवासियों के हित में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में विस्तारपूर्वक जीएसटी बचत उत्सव की जानकारी दी है। राष्ट्रवासियों को यह बहुत बड़ी सौगात है। भारत को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। कमजोर से कमजोर वर्ग की आय में वृद्धि के साथ विकास में उन सभी की सहभागिता सुनिश्चित करना है। लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों के माध्यम से निर्मित वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करें। गर्व के साथ स्वदेशी के भाव को बढ़ाना है। 'मेक इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' को प्रोत्साहित करें। स्वदेशी के मंत्र को नवरात्रि के समय से लागू किए जाने से अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा क्योंकि रोजमर्रा की चीजों के क्रय किए जाने से किसान, महिला, युवा सभी के जीवन में बेहतरी आएगी।

## एमपी ट्रांसको का शहडोल डिवीजन बना प्रदेश का पहला 'प्लास्टिक फ्री'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया मानक स्थापित किया है। शहडोल डिवीजन प्रदेश का पहला ऐसा डिवीजन बन गया है, जहां न केवल सभी सुरक्षा नियमों का कठोरता से पालन किया जा रहा है, बल्कि इसे 'प्लास्टिक फ्री' भी घोषित कर दिया गया है। यह सफलता कार्यपालन अभियंता चंद्रभान कुशवाहा के सतत प्रयासों और कठोर निगरानी के कारण संभव हो सकी है। नियमों के अनुसार डिवीजन और सबस्टेशन यार्ड में प्रवेश करने वाले प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के लिए हेलमेट तथा आवश्यक सुरक्षा उपकरण पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। ह

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने युवाओं से किया आह्वान, पहला सुख निरोगी काया, नशे से बचें, फिट रहें

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तन और मन की शुचिता के साथ इनका स्वस्थ रहना भी हम सबके लिए बेहद जरूरी है। मनुष्य को पहला सुख निरोगी काया से ही मिलता है। इसलिए हमेशा फिजिकली फिट रहने की कोशिश करें और किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से बचें। मुख्यमंत्री ने रविवार की सुबह अटल पथ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी लोगों को विशेषतः युवाओं से यह अपील की। उन्होंने केन्द्र सरकार की ओर से संचालित फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत अभियान के संकल्प पूर्ति एवं जन-जागरूकता के लिए आयोजित नमो युवा रन (मैराथन दौड़) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूरे देश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान नमो युवा रन का आयोजन हम सबको देश की सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यक्रम में नमो युवा रन के मोमेंटों (लोगो) का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने स्वयं स्पोर्ट्स ट्रेक सूट में मैराथन दौड़ में शिरकत कर हजारों की संख्या में नमो युवा रन में शामिल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया।





**225 अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया**

## वनस्थली विद्यापीठ ने शुरू किया प्रथम अखिल महिला एलएलएम कार्यक्रम

**टोंक।** आज विधि अध्ययन विभाग बनस्थली विद्यापीठ ने फोरेंसिक साइंस कॉन्क्लेव 2025 के उद्घाटन के दौरान फोरेंसिक में भारत की पहली अखिल महिला एलएलएम की शुरुआत की घोषणा की। इस दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात फॉरेंसिक वैज्ञानिकों, विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्राये एक साथ आए। इस फॉरेंसिक संगोष्ठी ने न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने तथा विधिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, कुलपति, वनस्थली विद्यापीठ ने उपस्थित होकर भारत भर से आए सभी 225 अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और फोरेंसिक तथा आपराधिक कानूनों में नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को तैयार करने के प्रति आशा व्यक्त की। प्रोफेसर हर्ष पुरोहित, डीन, विधि संकाय ने संगोष्ठी के विशेषज्ञों का प्रारंभिक परिचय प्रस्तुत किया।

## श्रीकृष्ण से जुड़ी स्मृतियों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही मप्र सरकारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

> ***सैनिक कल्याण कोष में दिया 22 लाख रुपए का योगदान***

> ***मुख्यमंत्री ने उप्र प्रवास में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया***

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी स्मृतियों को संजोने और उनसे जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है।

उन्होंने कहा कि वे भगवान कृष्ण कन्हैया की पावन धरा पर पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं याद आती हैं जो आज भी समसामयिक हैं। श्रीकृष्ण ने विशाल दृष्टिकोण और गरीबों के प्रति उदार भाव रखने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश की धरती पर सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने से लेकर सुदामा के साथ मैत्री, रुक्मणी से विवाह और भगवान परशुराम से सुदर्शन चक्र प्राप्त करने के प्रसंग घटित हुए। इस नाते मध्यप्रदेश भी गोकुल का आनंद प्रदान करता है। डॉ. यादव रविवार को वृंदावन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### साध्वी सरस्वती दीदी की कथा सुन लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन धाम स्थित केशव नगर पहुंचकर साध्वी सरस्वती दीदी की श्रीमद भागवत कथा का श्रवण किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। साध्वी दीदी ने सैनिक सहायता कोष के लिए 11 लाख रुपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सैनिक सहायता कोष के लिए मध्यप्रदेश सरकार की ओर से 11 लाख रुपए की राशि शामिल करते हुए कोष में कुल 22 लाख रुपए देने को कहा।

**तंत्र-मंत्र करने का शक करता था आरोपी, गिरफ्तार**

## भतीजे ने उतारा चाचा को मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के नगर पालिका चांपा के वार्ड नंबर 15 कोटा डबरी में 65 वर्षीय बुजुर्ग राम प्रसाद पाल की उसके भतीजे अजीत पाल ने हसिए से गले पर हमला कर हत्या की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है जांच जारी है घटना चांपा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, राम प्रसाद पाल जोकि रविवार की शाम करीबन 7 बजे घर के पास की हनुमान मंदिर में पूजा पाठ के लिए निकला था। तभी भतीजा अजीत पाल उसके पास गया और अपने हाथ में रखे हशिया से गले पर जोरदार हमला किया। जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा,रामप्रसाद पाल को गंभीर रूप से चोट आने पर उपचार के लिए बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच उपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर चांपा पुलिस मौके पर पहुंची, आस पास लोगों से जानकारी मिली कि भतीजे अजीत पाल ने घटना को अंजाम दिया हैं पुलिस टीम ने खोजबीज कर आरोपी अजीत पाल को हिरासत में ले लिया।




**मायोमेक्टॉमी सर्जरी के माध्यम से की डॉक्टरों ने सफल सर्जरी**

## सर्वनिदान हेल्थकेयर हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने जटिल ऑपरेशन कर महिला के गर्भाशय से निकाली 10 सेमी की गठान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, सर्वनिदान हेल्थकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की अनुभवी चिकित्सा टीम ने 30 वर्षीय महिला रोगी के गर्भाशय से 10 सेमी (टेनिस बॉल के आकार) के विशाल यूटेराइन फाइब्रॉइड (मायोमा) को सफलतापूर्वक हटाने के लिए मायोमेक्टॉमी सर्जरी की।

इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व वरिष्ठ सर्जन डॉ. एस. गौतम ने किया। उनकी टीम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीशा भारतीय, डॉ. दीपक जैन (एनेस्थेसिया), ओटी टेक्नीशियन भूमि लोधी तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफ सम्मिलित रहे। डॉक्टरों के अनुसार, त्वरित उपचार एवं विशेषज्ञ की देख रेख की बदौलत अब रोगी पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है।

मायोमा जैसी समस्या महिलाओं में आम है, किंतु समय पर उपचार न होने पर यह गंभीर बन सकती है और भविष्य की मातृत्व क्षमता को भी प्रभावित कर सकती है। समाजसेवी जीवताशा फाउंडेशन सचिव कार्तिक जैन ने बताया 'स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है।'





**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना सं. अक्टूबर–2025**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भरणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे।

**अक्टूबर–2025 की ई–नीलामी**

| क्र. सं. | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आलमबाग/लखनऊ (0522-2451257) | 10:00 पूर्वा. | 3 | 8 | 13 | 17 | 25 |
| 2. | शकूरबस्ती (011-27015387) | 10:00 पूर्वा. | 4 | 9 | 14 | 18 | 24 |
| 3. | जगाधरी (01732-252388) | 10:00 पूर्वा. | 4 | 9 | 15 | 21 | 27 |
| 4. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ (0522-2234756) | 10:00 पूर्वा. | 6 | 10 | 16 | 22 | 29 |
| 5. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर (01632-244154) | 10:00 पूर्वा. | 6 | 10 | 17 | 24 | 29 |
| 6. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला (0171-2611203) | 10:00 पूर्वा. | 7 | 13 | 16 | 23 | 28 |
| 7. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद (0591-2413141) | 10:00 पूर्वा. | 6 | 10 | 15 | 22 | 30 |
| 8. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली (011-23365311) | 10:00 पूर्वा. | 3 | 8 | 17 | 23 | 30 |

**नोटः 1.** नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण **www.ireps.gov.in** पर दिये गये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। **2.** इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। **3.** पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण **www.nr.railnet.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

**संख्याः 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025–26 दिनांकः 22.09.2025** **2921/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# हमें तुरंत देश की प्रतिभा को आकर्षित करना होगा

दुनिया की तस्वीर बहुत तेजी से बदल रही है। एक के बाद एक ऐसे फैसले आमने आ रहे हैं जो हैरान करने वाले हैं। सबसे ज्यादा तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चौंका रहे हैं। उन्होंने एकाएक एच-1बी वीजा के नियमों में संशोधन करके भारतीय पेशेवरों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। अब अगला फैसला चीन की तरफ से आया है। अपने विकास और अपनी तकनीक को हमेशा गोपनीय रखने वाले चीन ने दुनिया भर के टैलेंट को आकर्षित करने के लिए एक नई के वीजा कैटेगरी की शुरुआत करने का ऐलान किया है। वैसे तो चीन की नई वीजा कैटेगरी को लेकर फैसला अगस्त में ही कर लिया गया था। लेकिन अब एक अक्टूबर, 2025 से ये लागू हो जाएगी। अमेरिका साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स की फील्ड से जुड़े लोगों को एच-1बी वीजा के जरिए देश में लाता रहा है, लेकिन अब यही काम चीन करने वाला है। कई देशों में वर्किंग प्रोफेशनल्स की एंट्री कड़ी की जा रही है। ऐसे में चीन ने इसका फायदा उठाते हुए नए वीजा को लॉन्च किया है, ताकि वह उन्हें देश में लेकर आ सके। दरअसल, अमेरिका ने टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग सेक्टर में जिस तरह का दबदबा बनाया है, उसके पीछे एच-1बी वीजा का बड़ा हाथ रहा है। बिना एच-1बी वीजा वर्कर अमेरिका की टेक इंडस्ट्री प्रभावित हो सकती है। चीन को ये बात अच्छी तरह से मालूम है, तभी वह चाहता है कि जिन वर्किंग प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में दिक्कत हो रही है, वो सीधे चीन आ जाएं और उसने कई तरह की सुविधाएं देने का भी वादा किया है। ऐसे में जल्द ही सारे टैलेंटेड लोग चीन का रुख भी कर सकते हैं। आवेदकों को ये वीजा तभी मिलेगा, जब वे चीनी अधिकारियों द्वारा तय की गई क्वालिफिकेशन और शर्तों को पूरा करेंगे। उन्हें इस दौरान जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी दिखाने होंगे। हालांकि, अभी वीजा की शर्तों को जारी नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही चीनी दूतावासों और महावाणिज्य दूतावासों की तरफ से इसकी जानकारी पब्लिश की जाएगी। इस फैसले से तय है कि चीन दुनियाभर की प्रतिभा अपने देश में लाने की तैयारी में है। अमेरिका के ही सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच जारी किए गए सभी एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों को मिले हैं। ट्रंप सरकार स्वदेशियों को रोजगार के अवसर की आड़ लेकर अपने यहां स्किल्ड अप्रवासियों के रास्ते धीरे-धीरे बंद कर रही है। एक तथ्य यह भी है कि अमेरिका की कई नामी कंपनियां भारतीय पेशेवरों के भरोसे ही रहती आई हैं। अमेरिका में भारी वीजा फीस देनी पड़ी तो ये कंपनियां भी अपने कार्यालय भारत व दूसरे देश में खोलने का विकल्प रख सकती हैं। अब चीन चाहता है कि वे कंपनियां उनके देश में आ जाएं। हमें भी चीन की तरह तुरंत कदम की उठाने की जरूरत है ताकि हमारे युवा अपने ही देश में रहकर विकास को रफ्तार दें। इसके लिए अभी कई तरह के प्रयास करने होंगे। क्योंकि वेतन व जीवनशैली से जुड़ी सुविधाओं का इन प्रयासों में खासा योगदान रहने वाला है। अभी हमारे शहरों में ऐसे पेशेवरों के लिए बुनियादी सुविधाओं की दिशा में काफी कुछ करना बाकी है। लेकिन इतना तय है कि बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे आइटी शहरों में पेशेवरों और स्टार्टअप्स को आकर्षित करने का यह बेहतर मौका है। समुचित सुविधाएं देने के साथ अपने ही देश में पेशेवरों को रोक कर 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में कदम तेज किए जा सकते हैं। बस जरूरत है कि कदम आगे बढ़ाने की।

## मौसम

पंकज चतुर्वेदी



# मानसून को जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में समझना होगा

इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है। बांध लबालब हैं, नदियों का पानी खेतों में प्रवेश कर गया है। भारत के मौसम विभाग के 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ये प्रकृति की नियति है लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है। हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आईओडी कहते हैं। आईओडी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आईओडी अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आईओडी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आईओडी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर हिंद महासागर बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारणए अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। आइआइटीएम पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रॉपिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून् नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है। जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है।

बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवतः पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। भारत के लोक जीवन अर्थ व्यवस्थाए पर्व त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात मौसम विज्ञान नहीं हैं इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज एसेनिटेशन, कृषि सहित बहुत कुछ जुड़ा है। मानसून प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से लेकर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में हो वहीं जफसलों, सड़कों व शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों। खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर भी हमे नइ सिरे से रणनीति बनानी होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जनस्वास्थ्य और पृथ्वी संरक्षण में सहायक है आयुर्वेद



आयुर्वेद दिवस

डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली 'एनडीए' सरकार ने 2014 में स्वदेशी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के लोकव्यापीकरण और विकास को लक्ष्य में रखते हुए हर साल धनतेरस यानि 'धन्वंतरि जयंती' को आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। केंद्र सरकार ने इस साल इस फैसले में तब्दीली करते हुए प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को 'आयुर्वेद दिवस' के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। इस साल मनाए जा रहे दसवें आयुर्वेद दिवस की थीम 'आयुर्वेद फॉर पिपुल एंड प्लेनेट' यानी 'आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए' निर्धारित किया गया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब विश्व समुदाय पर्यावरण प्रदूषण, अशांति, प्राकृतिक आपदाओं, संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों की चुनौतियों से जूझ रही है तथा जलवायु परिवर्तन के चलते पृथ्वी पर संकट में है तब आयुर्वेद की महति भूमिका है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा देश के अलावा विदेशों में भारतीय दूतावासों और मिशनों, अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य संगठनों और प्रवासी भारतीय संगठनों के माध्यम से इस दिवस के आयोजन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बीते साल 150 से ज्यादा देशों में नवम आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया था जिसका विस्तार इस साल किया गया है। बहरहाल इस दिवस के आयोजन से जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैश्विक पहचान मिल रही है वहीं आधुनिक विश्व में पारंपरिक भारतीय विज्ञान को वैज्ञानिक मान्यता मिल रही है जिससे देशज ज्ञान और परंपरा का संरक्षण और संवर्धन हो रहा है।

अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय आयात पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस चुनौती से निपटने के लिए 'स्वदेशी' का मूलमंत्र दिया है। इन परिस्थितियों में आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों, शिक्षकों, छात्रों, वनौषधि उत्पादकों और दवा निर्माता कंपनियों की महति जिम्मेदारी है कि वे भारत की हजारों वर्ष पुरानी स्वदेशी चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद से जुड़े सेवाओं और व्यापार को विकसित करने की दिशा में आगे आएं। भारत जैसे विकासशील देश में जिसकी बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों और इसके इलाज के बढ़ते खर्च से जूझ रहा है तब सबसे बड़ी जरूरत आरोग्य की है।आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन का विज्ञान है जो मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के साथ -साथ उसमें नैतिक गुणों का प्रादुर्भाव भी करता है जो वैयक्तिक स्वास्थ्य के साथ - साथ सामुदायिक शुचिता में भी सहायक है। आयुर्वेद के जरिए ही आरोग्य संभव है क्योंकि इसमें स्वस्थ रहने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए विभिन्न मौसम अनुसार आहार, दिनचर्या और परहेज का विशद उल्लेख है।आयुर्वेद पद्धति का मूल सिद्धांत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी की चिकित्सा है यानि यह सिद्धांत विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' के 'प्रिवेंशन इज़ बेटर देन क्योर' के सिद्धांतों से तादात्म्य रखती है। आयुर्वेद के 85 फीसदी हिस्से में मनुष्य के स्वस्थ रहने के उपाय मौजूद हैं यदि कोई व्यक्ति इस पद्धति के सिद्धांतों को अपने दिनचर्या में शामिल कर ले तो वह स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्राप्त करता है।



उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा घोषित 'नवीन स्वास्थ्य नीति 2017' में भी आरोग्य यानि वेलनेस को प्राथमिकता दी गई है। आयुर्वेद में स्वास्थ्य को परिभाषित करते हुए इसे व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य पर भी बल दिया गया है। देश और दुनिया इन दिनों नित नये संक्रामक रोगों के साथ ही गैरसंचारी रोगों यानि मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, मोटापा और कैंसर की चुनौतियों से जूझ रही है। देश की एक बड़ी आबादी जिसमें छात्र,युवा और महिलाएं शामिल हैं इन दिनों मानसिक तनाव और मनोरोग के शिकार हैं। भारत जैसे विकासशील देश में गैर संचारी रोगियों की बढ़ते आंकड़े और स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते दबाव के मद्देनजर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इन चुनौतियों से निपटने में कारगर हो सकती है। वैश्विक महामारी कोविड - 19 के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बढ़ी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की तीन चौथाई आबादी विभिन्न रोगों के उपचार के लिए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपना रही है। एक दौर वह भी था जब भारत सहित पश्चिमी देश के चिकित्सा वैज्ञानिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिकता को खारिज करते रहे हैं लेकिन अब 'डब्ल्यूएचओ' सहित चिकित्सा वैज्ञानिक आयुर्वेद और योग को वर्तमान स्वास्थ्य गत चुनौतियों के मद्देनजर एक निरापद और कारगर पद्धति मानते हुए इसे वैज्ञानिक मान्यता प्रदान कर रहे हैं।


जीवनशैली से जुड़े बीमारियों के बचाव और नियंत्रण में इस चिकित्सा पद्धति की प्रभावी भूमिका के मद्देनजर अब भारत सहित दुनिया में लोगों का रूझान आयुर्वेद और योग के प्रति लगातार बढ़ रहा है। पिछले साल हुए एक नेशनल सैंपल सर्वे में पता चला है कि एक साल में करीब 46 फीसदी ग्रामीण और 53 फीसदी शहरी आबादी ने किसी न किसी रूप में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार कराया है।विश्व समुदाय का भरोसा आयुर्वेद के प्रति बढ़ने के कारण वैश्विक बाजारों में आयुर्वेद उत्पादों की धाक लगातार बढ़ रही है बीते साल 2024 में जहां इसका आकार 5,793.43 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। इस साल 2025 यह आकार 6,488.64 मिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने तथा 2034 तक 17,993.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर होने की संभावना है। देश में आयुर्वेद टूरिज्म का बाजार लगातार बढ़ रहा है फलस्वरूप इस क्षेत्र में काफी संख्या में उद्यमी और चिकित्सक आ रहे हैं जिससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा विदेशों में आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने और देश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ' हील बाय इंडिया ' और ' हील इन इंडिया ' जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

विचारणीय है कि स्वातंत्र्योत्तर भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैसा राज्याश्रय नहीं मिला जिसका वह हकदार था। वक्त ने करवट बदला और अब केंद्र सरकार द्वारा इस पद्धति के लोक व्यापीकरण और विकास के लगातार प्रयास किया जा रहा है। सरकार के कोशिशों के बावजूद देश के इस बौद्धिक संपदा के प्रति लोगों में अभी भी भ्रम है फलस्वरूप लोगों की प्राथमिकता में यह दोयम पायदान पर है। पश्चिमी देश जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बड़ी तेजी से अपना रहा है वहीं अभिजात्य तबका आयुर्वेद को अभी भी केवल सौंदर्य प्रसाधक, यौन शक्तिवर्धक, हेल्थ व फूड सप्लिमेंट माने बैठा है। दरअसल इसके पीछे वजह आयुर्वेद के प्रति पूर्वाग्रह और दुष्प्रचार है। समाज एक तबके में भ्रांति यह है कि आयुर्वेदिक दवाओं में हैवी मैटल्स मिली रहती है जिससे लिवर और किडनी खराब होती है। लोगों में यह भी भ्रान्ति है कि आयुर्वेद दवाएं देर में असर दिखलाती है या फिर दवाएं कड़वी और चूर्ण के रूप में होती है जिसके कारण सेवन में असुविधा होती है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के विकास के साथ ही आयुर्वेद के साथ एक मिथक जुड़ते गया कि इस विधा में अनुसंधान नहीं होता।

उपरोक्त भ्रांतियों के परिप्रेक्ष्य में वस्तुस्थिति यह है कि आयुर्वेद की अधिकांश दवाएं वनस्पतियों से बनती है तथा केवल रस और भस्म में धातुओं का प्रयोग होता है।औषधि निर्माण के दौरान धातुओं का शोधन शास्त्रीय विधि अनुरूप किया जाए और क्वालिफाइड आयुर्वेद विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में इसका सेवन किया जाए तो यह सुरक्षित और असरकारी होता है।आमतौर पर मरीज आयुर्वेद चिकित्सा के शरण में तब आता है जब वह वर्षों - महीनों एलोपैथिक या अन्य पैथियों का उपचार अजमा चुका होता है और कोई लाभ न होने पर आखिर में आयुर्वेद को आजमाना चाहता है तब तक रोग की जीर्णता और गंभीरता दोनों बढ़ जाती है तब भला इस पद्धति से त्वरित लाभ का सोच ही बेमानी है। आजकल आयुर्वेद दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना की गई है जहां दवाओं को आधुनिकतम कसौटी पर परखा जा रहा है। आयुर्वेद दवाएं अब टेबलेट और कैप्सूल के रूप में भी उपलब्ध हो रहे हैं जिसके चलते अब इन दवाओं के सेवन में आसानी हो रही है। वैज्ञानिक मानकीकरण के वर्तमान दौर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी वैज्ञानिक मानकों के कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है। केंद्र सरकार में पृथक आयुष मंत्रालय के स्थापना के बाद देश में जहां आयुर्वेद शिक्षा के गुणवत्ता उन्नयन के लिए कारगर प्रयास हुए हैं वहीं इस चिकित्सा पद्धति से जुड़े अनुसंधान और विकास को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है। अलबत्ता आयुर्वेद नवजात शिशु से लेकर बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित, सुलभ और सेहतमंद है। वर्तमान में गैर संचारी रोगों से बचाव और महंगे उपचार के मद्देनजर आज आवश्यकता इस चिकित्सा पद्धति के बारे में जारी भ्रांतियों को दूर कर इसे अपनाने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित

प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं। सरकारी के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्रों में भी कंप्यूटर महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में कंप्यूटर की शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।

*-रवि चतुर्वेदी, पलारी*

## करंट अफेयर

# परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग छोड़े अमेरिका : किम



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि उनके जेहन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूर्व में की गई मुलाकातों की अच्छी यादें अब भी ताजा हैं। किम ने साथ ही, लंबे समय से रुकी हुई राजनयिक स्तर की वार्ता बहाल करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया से परमाणु हथियार बनाना बंद करने संबंधी मांग छोड़ने की अपील की। रविवार को उत्तर कोरिया की संसद को संबोधित करते हुए किम ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिद्वंद्वी देश दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत शुरू करने का उनका कोई इरादा नहीं है। दक्षिण कोरिया अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप के साथ किम की शिखर बैठकों में मध्यस्थता करने में मदद की थी। किम की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क रवाना होने वाले हैं। उम्मीद है कि वह कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु तनाव पर और वार्ता की मेज पर उत्तर कोरिया के लौटने के संबंध में बात कर सकते हैं। ट्रंप के अगले महीने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया जाने की भी उम्मीद है।

## ऑफ बीट

# रोज सनस्क्रीन लगाने से विटामिन डी की कमी



हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन का उपयोग करता है, विशेष रूप से उन दिनों जब अल्ट्रावायलेट (यूवी) इंडेक्स तीन या उससे अधिक होता है, तो उसमें विटामिन डी की कमी का खतरा बढ़ सकता है। सनस्क्रीन के फ़ायदे जगज़ाहिर हैं, इसलिए हमारे निष्कर्षों का मतलब यह नहीं है कि हमें एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल छोड़ देना चाहिए। इसका मतलब है कि जो लोग रोज़ाना एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें विटामिन डी सप्लीमेंट लेना शुरू करना पड़ सकता है। यह अध्ययन हाल ही में 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है। इसमें कहा गया है कि हालांकि सनस्क्रीन के उपयोग से त्वचा कैंसर और सनस्पॉट्स जैसी समस्याओं से बचाव होता है, लेकिन नियमित उपयोग से शरीर में विटामिन डी का स्तर अपेक्षाकृत कम हो सकता है। अध्ययन में 639 वयस्कों को शामिल किया गया, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी राज्यों में रहते हैं। इन्हें दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को रोजाना एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन लगाने को कहा गया, जबकि दूसरा समूह अपनी सामान्य दिनचर्या के अनुसार सूर्य सुरक्षा उपाय करता रहा।

## ट्रेंड

### असाधारण स्नेह



आज सुबह ईटानगर में मेरा स्वागत सचमुच यादगार रहा। वंदे मातरम के नारों और नारी शक्ति व युवा शक्ति की जीवंत उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण था। अरुणाचल प्रदेश के लोगों का उत्साह और स्नेह असाधारण था।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बचत उत्सव



नवरात्र में जीएसटी बचत उत्सव के तहत नई दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक स्टेशनरी दुकानदार से बातचीत की। दुकानदार ने बताया कि कई स्टेशनरी वस्तुओं पर नेक्स्ट-जेन जीएसटी दरों में कटौती से कीमतें कम हुई हैं, जिससे छात्रों और अभिभावकों को लाभ हुआ है।

- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री

### ऐसा प्रेम नहीं देखा



मैंने अपने जीवन में किसी कलाकार के लिए यह प्रेम नहीं देखा जैसा ज़ुबीन को लेकर आसाम और पूर्वोत्तर में है। दो दिन से प्रदेश ग़म में है। मुख्यमंत्री से लेकर गोद में शिशु लेकर रास्तों पर खड़ी माँएँ उसके गाने गा-गाकर रो रहीं हैं।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

### जीएसटी में सुधार



प्रधानमंत्री ने जीएसटी काउंसिल जो एक संवैधानिक निकाय है, द्वारा किए गए संशोधनों का श्रेय खुद को देने की कोशिश की। कांग्रेस लंबे समय से यह तर्क देती आई है कि जीएसटी में सुधार जरूरी है।

- जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## 5,100 करोड़ की 13 विकास परियोजनाओं का पीएम मोदी ने किया शिलान्यास, बोले

# ‘अरुणाचल’ उगते सूर्य और देशभक्ति की उमंग की धरती



यहां का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक

*अरुणाचल को प्रकृति ने इतना कुछ दिया है। ये धरती, यहां के परिश्रमी लोग, यहां का सामर्थ्य, यहां इतना कुछ है। लेकिन 2014 से पहले जो लोग दिल्ली में बैठकर देश चला रहे थे, उन्होंने अरुणाचल को हमेशा नजरअंदाज किया*

एजेंसी ⏭ ईटानगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 5,100 करोड़ से अधिक की 13 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पीएम ने ईटानगर में 3,700 करोड़ से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी।

बिजली परियोजनाओं का विकास नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (नीपको) की ओर से अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि अरुणाचल की यह भूमि उगते सूर्य की धरती के साथ देशभक्ति के उफान की भी धरती है। जैसे तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, वैसे ही अरुणाचल का पहला रंग भी केसरिया है। यहां का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक है।

**तिरंगे की तरह अरुणाचल का पहल रंग भी केसरिया**

कांग्रेस की सोच से पूरे नार्थ ईस्ट को नुकसान पहुंचा

**कांग्रेस के राज में दशकों लग गए**




पीएम मोदी ने कहा कि विकास की किरण आते-आते कई दशक लग गए। मैं 2014 से पहले भी यहां कई बार आया हूं, आपके बीच रहा हूं। अरुणाचल को प्रकृति ने इतना कुछ दिया है। ये धरती, यहां के परिश्रमी लोग, यहां का सामर्थ्य, यहां इतना कुछ है। लेकिन जो लोग दिल्ली में बैठकर देश चला रहे थे, उन्होंने अरुणाचल को हमेशा नजरअंदाज किया।

### कांग्रेस की सोच से देश को मुक्ति दिलाई

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जैसे लोग सोचते थे, यहां इतने कम लोग हैं, लोकसभा की सिर्फ दो ही सीटें हैं, तो क्यों अरुणाचल पर ध्यान दिया जाए? इस सोच से अरुणाचल को, पूरे नॉर्थ ईस्ट को बहुत नुकसान हुआ। नॉर्थ ईस्ट विकास में पीछे छूट गया। 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया, तब मैंने कांग्रेस की सोच से देश को मुक्ति दिलाने की ठान ली। हमारी प्रेरणा किसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है। पीएम ने जीएसटी सुधारों पर खुशी जताई।

# सड़क माल परिवहन को टक्कर देने अब समय पर चलेंगी मालगाड़ियां

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने मालगाड़ियों के संचालन में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए चार नई समयबद्ध (टाइमटेबल्ड) मालगाड़ी सेवाएँ शुरू की हैं। अब तक मालगाड़ियाँ केवल आवश्यकता और मांग के आधार पर चलती थीं, लेकिन पहली बार उन्हें यात्री गाड़ियों की तरह निश्चित और अधिसूचित समय पर चलाया जाएगा। इससे माल परिवहन तेज, भरोसेमंद और योजनाबद्ध तरीके से हो सकेगा। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डोर टू दूर सड़क माल परिवहन व्यापारी वर्ग इसलिए पसंद करते हैं कि उन्हें पता होना है कि उनका माल कब तक पहुंचेगा। सड़क परिवहन के ऐसे वर्ग को खींचने के लिए अब रेलवे ने मालगाड़ियों को समय पर चलाने का निर्णय किया है। रेल यात्री गाड़ियों की तरह मालगाड़ियों को समयबद्ध तरीक़े से चलाने की योजना पर काम चल रहा है। पहले चरण में चार मालगाड़ियों को सूचीबद्ध किया गया है। मालगाड़ियों के आने जाने का अब तक कोई फिक्स्ड समय सारिणी नहीं था। उसे अब दुरुस्त किया जा रहा है।

### कौन-कौन सी सेवाएँ शुरू हुईं

रेलवे ने देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए चार नई मालगाड़ी सेवाएँ शुरू की हैं।

अन्नपूर्णा सेवा – लुधियाना (पंजाब) से वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक।

गति वाहन सेवा – फ़रुखनगर (हरियाणा) से लखनऊ (उत्तर प्रदेश) तक।

निर्यात कार्गो सेवा – गढ़ी (हरियाणा) से मुंद्रा पोर्ट (गुजरात) तक।

अनंतनाग सीमेंट कार्गो सेवा – रूपनगर (पंजाब) से अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) तक।

### समय में बड़ी बचत

नई व्यवस्था के तहत मालगाड़ियों के प्रस्थान और आगमन का समय तय रहेगा। उदाहरण के लिए फ़रुखनगर से लखनऊ तक चलने वाली ‘गति वाहन सेवा’ पहले 70 घंटे में पहुँचती थी, अब केवल 28 घंटे में माल पहुँचेगा। इसी तरह अन्य सेवाओं के लिए भी तय समय निर्धारित किया गया है।

### क्या है रेलवे की योजना

रेल मंत्रालय ने विभिन्न ज़ोन और मार्गों का अध्ययन कर यह निर्णय लिया है। ऐसे रूट चुने गए हैं, जहाँ यात्री गाड़ियों का दबाव कम रहता है। मालगाड़ियों के लिए समय की अलग स्लॉटिंग की गई है, जिससे उनकी रफ्तार और समयपालन में कोई बाधा न हो।

### ग्राहकों को क्या लाभ

कंपनियों और उद्योगों को अपने सामान की डिलीवरी का स्पष्ट समय मिल पाएगा। ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स कंपनियाँ अपनी सप्लाई चेन बेहतर तरीके से मैनेज कर सकेंगी। निर्यातकों को समय पर माल बंदरगाह तक पहुँचाने में सुविधा होगी। किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए भी सामान की खेप तेज़ी से गंतव्य तक पहुँच पाएगी।

### भविष्य की दिशा

रेल मंत्रालय का कहना है कि ये चार सेवाएँ एक पायलट प्रोजेक्ट हैं। यदि प्रयोग सफल रहा, तो भविष्य में और भी मालगाड़ियों को समयबद्ध तरीके से चलाने की योजना है। रेलवे का लक्ष्य है कि देशभर के लॉजिस्टिक्स सेक्टर में भरोसा और दक्षता बढ़े, जिससे उद्योग और अर्थव्यवस्था दोनों को गति मिले। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल भारतीय रेलवे को न सिर्फ़ आधुनिक बल्कि प्रतिस्पर्धी भी बनाएगी, और सड़क परिवहन पर निर्भरता कम करने में अहम साबित हो सकती है।

# अगले महीने से देश भर में एक साथ शुरू होगा एसआईआर, 30 तक तैयारी पूरी करने के दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 30 सितंबर तक विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए पूरी तैयारी कर लें। इस संकेत के साथ कि अक्टूबर से ही देशव्यापी मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान शुरू किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि वे पुनरीक्षण कार्य को समय पर शुरू करें और इसे 10–15 दिनों के भीतर पूरा करने की रूपरेखा तय करें ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सके।

### बिहार में पहला चरण पूरा, अब होगा देशभर में विस्तार

अधिकारियों के अनुसार एसआईआर अभियान जुलाई और अगस्त में बिहार में शुरू किया गया था। इस दौरान लगभग 65 लाख नामों का सत्यापन और अद्यतन किया गया। अब यह अभियान अन्य राज्यों में भी चलाया जाएगा। आयोग ने कहा कि अद्यतन मतदाता सूची अक्टूबर के अंत तक जारी कर दी जाएगी, ताकि 2026 में होने वाले असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के चुनावों से पहले इसे लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य है मतदाता सूची से अपात्र और विदेशी नागरिकों के नाम हटाना। पात्र मतदाताओं का नाम सही पते पर दर्ज करना। मृतक या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम निकालना। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य अवैध विदेशी प्रवासियों को चिन्हित कर हटाने के लिए भी अहम है। इसके लिए मतदाता की जन्मतिथि, निवास प्रमाण और अन्य दस्तावेज़ों की गहन जाँच की जाएगी।

### राज्यों से मिली जानकारी

दिल्ली ने 2008 की मतदाता सूची का आधार लिया है। उत्तराखंड में 2006 की सूची का उपयोग किया जा रहा है। बिहार ने 2003 की सूची को आधार बनाया है। अधिकांश राज्यों में 2002–2004 की सूची से यह कार्य शुरू हुआ था। चुनाव आयोग का कहना है कि वर्तमान मतदाता सूची और पुरानी सूची का मिलान करके ही संशोधन किया जाएगा।

### विपक्ष की आपत्तियाँ

विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि यह कवायद केवल हाशिए पर खड़े समूहों और कमजोर तबकों को मतदाता सूची से हटाने के लिए की जा रही है। जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि यह केवल “अवैध नामों को हटाने और वैध नागरिकों की वोटिंग सुरक्षा” की दिशा में उठाया गया कदम है।

### राज्य अधिकारियों की भूमिका

राज्यों के सीईओ से कहा गया है कि वे अपने क्षेत्र में नियुक्त सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की संख्या और तैनाती की जानकारी दें। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम और दस्तावेज़ की पुष्टि करेंगे। डुप्लीकेट, मृत और स्थानांतरित मतदाता चिन्हित किए जाएंगे। राज्यों को यह भी बताना है कि कितनी अतिरिक्त मानवशक्ति और संसाधनों की ज़रूरत पड़ेगी।

### दस्तावेज़ों पर चर्चा

हाल ही में चुनाव आयोग ने राज्यों से यह सुझाव भी मांगे हैं कि कौन-कौन से दस्तावेज़ पहचान और जन्मतिथि सत्यापन के लिए स्वीकार किए जा सकते हैं। कई राज्यों ने मौजूदा दस्तावेज़ सूची में कुछ नए दस्तावेज़ जोड़ने का सुझाव दिया है।

### देश भर में उपलब्ध कि साथ ही एसआईआर की तैयारी

- तैयारी की अंतिम तिथि: 30 सितंबर 2025
- अद्यतन सूची जारी: अक्टूबर–नवंबर 2025
- पहला चरण: बिहार (65 लाख नामों का सत्यापन)
- लक्ष्य: डुप्लीकेट व अवैध नाम हटाना, पात्र नागरिक जोड़ना
- चुनौती: विपक्ष का आरोप—हाशिए पर खड़े तबकों को सूची से हटाने की साजिश

**अमित शाह पर टिप्पणी मामला**

# राहुल पर मानहानि मामले में 4 अक्टूबर को आएगा फैसला

एजेंसी ⏭ चाईबासा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दायर की गई अर्जी पर एमपी-एमएलए कोर्ट, चाईबासा में सुनवाई पूरी हुई। राहुल के अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा के माध्यम से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत ट्रायल के दौरान व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग की थी। यह मामला कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध चाईबासा के भाजपा नेता प्रताप कटियार की ओर से किए गए मानहानि केस से जुड़ा हुआ है।



### आदेश सुरक्षित रखा

अधिवक्ता केशव प्रसाद ने बताया कि 22 सितंबर को इस अर्जी पर बहस पूरी कर ली गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया।


## त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि–2025

आगामी त्योहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्योहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:–

**रेलगाड़ी सं. 03107/03108 कोलकाता – लखनऊ – कोलकाता त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 03107 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03108 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | कोलकाता | 00:40 | ---- |
| 00:10 | ---- | लखनऊ | ---- | 01:40 |

चलने के दिन: **03107 कोलकाता** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 02.10.2025 से 06.11.2025 तक और **03108 लखनऊ** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 04.10.2025 से 08.11.2025 तक।
ठहराव: नैहाटी, बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जं., शेखपुरा, नवादा, तिलैया जं., गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं सुलतानपुर स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 03435/03436 मालदा टाउन – आनंद विहार (ट.) – मालदा टाउन त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 03435 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03436 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:30 | मालदा टाउन | 21:05 | ---- |
| 13:40 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 15:45 |

चलने के दिन: **03435 मालदा टाउन** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 24.11.2025 तक और **03436 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 30.09.2025 से 25.11.2025 तक।
ठहराव: न्यू फरक्का, बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., शेखपुरा, नवादा, तिलैया जं., गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, गोविन्दपुरी एवं टूण्डला जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 02391/02392 पटना जं. – आनंद विहार (ट.) – पटना जं. त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 02391 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02392 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:20 | पटना जं. | 17:20 | ---- |
| 18:30 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 23:20 |

चलने के दिन: **02391 पटना जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक और **02392 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 30.11.2025 तक।
ठहराव: दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09083/09084 मुंबई सेंट्रल – बनारस – मुंबई सेंट्रल त्योहार विशेष वातानुकूलित एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 09083 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09084 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:10 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | ---- |
| 04:15 | 04:25 | लखनऊ | 20:45 | 20:55 |
| 10:30 | ---- | बनारस | ---- | 14:30 |

चलने के दिन: **09083 मुंबई सेंट्रल** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 05.11.2025 तक और **09084 बनारस** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 07.11.2025 तक।
ठहराव: बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला जं., शिकोहाबाद जं., मैनपुरी जं., भोगाँव, फ़र्रुखाबाद जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी।

**रेलगाड़ी सं. 09111/09112 वडोदरा जं. – गोरखपुर जं. – वडोदरा जं. त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09111 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09112 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | ---- |
| 19:10 | 19:15 | बाराबंकी जं. | 08:58 | 09:00 |
| 23:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 05:00 |

चलने के दिन: **09111 वडोदरा जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक और **09112 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 01.12.2025 तक।
ठहराव: गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला जं., शिकोहाबाद जं., मैनपुरी जं., फ़र्रुखाबाद जं., कानपुर सेन्ट्रल, मानक नगर, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09523/09524 ओखा – शकूर बस्ती – ओखा सुपर फास्ट त्योहार विशेष (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09524 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:00 | ओखा | 13:50 | ---- |
| 10:35 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 13:15 |

चलने के दिन: **09523 ओखा** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 23.09.2025 से 25.11.2025 तक और **09524 शकूर बस्ती** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक।
ठहराव: द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर जं., वीरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिध्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई जं., अलवर, गुड़गांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01415/01416 पुणे – गोरखपुर जं. – पुणे त्योहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** — 130 फेरे

| गाड़ी सं. 01415 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01416 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:50 | पुणे | 03:15 | ---- |
| 10:00 | 10:05 | लखनऊ | 22:30 | 22:35 |
| 16:00 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 17:30 |

चलने के दिन: **01415 पुणे** से दिनांक 27.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **01416 गोरखपुर जं.** से दिनांक 28.09.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05301/05302 मऊ जं. – अंबाला छावनी जं. – मऊ जं. त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05302 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:00 | मऊ जं. | 22:00 | ---- |
| 20:20 | 20:30 | दिल्ली जं. | 05:00 | 05:10 |
| 00:30 | ---- | अंबाला छावनी जं. | ---- | 01:40 |

चलने के दिन: **05301 मऊ जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 02.10.2025 से 27.11.2025 तक और **05302 अंबाला छावनी जं.** प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 03.10.2025 से 28.11.2025 तक।
ठहराव: बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05005/05006 बढ़नी – अमृतसर – बढ़नी त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05006 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:10 | बढ़नी | 08:15 | ---- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 12:45 |

चलने के दिन: **05005 बढ़नी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक और **05006 अमृतसर** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक।
ठहराव: तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01707/01708 जबलपुर – आनंद विहार (ट.) – जबलपुर त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 01707 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01708 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:15 | जबलपुर | 09:30 | ---- |
| 12:25 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 13:45 |

चलने के दिन: **01707 जबलपुर** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 03.11.2025 तक और **01708 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 30.09.2025 से 04.11.2025 तक।
ठहराव: कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., शंकरगढ़, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01431/01432 पुणे – गाजीपुर सिटी – पुणे त्योहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** — 38 फेरे

| गाड़ी सं. 01431 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01432 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:40 | पुणे | 16:20 | ---- |
| 14:45 | 14:50 | वाराणसी | 04:25 | 04:30 |
| 19:40 | ---- | गाजीपुर सिटी | ---- | 22:40 |

चलने के दिन: **01431 पुणे** से प्रत्येक शुक्रवार व मंगलवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक और **01432 गाजीपुर सिटी** से प्रत्येक शनिवार व बुधवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**रेलगाड़ी सं. 01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट.) – मऊ – लोकमान्य तिलक (ट.) त्योहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** — 40 फेरे

| गाड़ी सं. 01123 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01124 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | ---- |
| 00:45 | 00:50 | वाराणसी | 13:20 | 13:25 |
| 05:35 | ---- | मऊ | ---- | 07:35 |

चलने के दिन: **01123 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को दिनांक 26.09.2025 से 30.11.2025 तक और **01124 मऊ** से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को दिनांक 28.09.2025 से 02.12.2025 तक।
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01051/01052 लोकमान्य तिलक (ट.) – बनारस– लोकमान्य तिलक (ट.) त्योहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** — 40 फेरे

| गाड़ी सं. 01051 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01052 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | ---- |
| 01:10 | ---- | बनारस | ---- | 06:35 |

चलने के दिन: **01051 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक बुधवार व गुरुवार को दिनांक 24.09.2025 से 27.11.2025 तक और **01052 बनारस** से प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को दिनांक 26.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर एवं वाराणसी स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09061/09062 बांद्रा (ट.) – बरौनी जं. – बांद्रा (ट.) त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 09061 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09062 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:20 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | ---- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 01:05 | 01:10 |
| 19:15 | ---- | बरौनी जं. | ---- | 12:15 |

चलने के दिन: **09061 बांद्रा (ट.)** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 06.10.2025 तक और **09062 बरौनी जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 09.10.2025 तक।
ठहराव: बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन। स्थान: 3 टियर वाता.।

**रेलगाड़ी सं. 09041/09042 उधना – बलिया – उधना त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 09041 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09042 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:40 | उधना | 12:45 | ---- |
| 14:35 | 14:45 | वाराणसी | 05:10 | 05:20 |
| 20:15 | ---- | बलिया | ---- | 23:30 |

चलने के दिन: **09041 उधना** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 09.10.2025 तक और **09042 बलिया** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 10.10.2025 तक।
ठहराव: सूरत, भरूच जं., विश्वामित्री जं., (वडोदरा जं. केवल 09041 के लिए), गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं ग़ाज़ीपुर सिटी स्टेशन। स्थान: 3 टियर वाता.।

**रेलगाड़ी सं. 09257/09258 भावनगर (ट.) – शकूर बस्ती – भावनगर त्योहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 09257 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09258 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 13:50 | भावनगर (ट.) | 11:00 | ---- |
| 10:55 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 13:15 |

चलने के दिन: **09257 भावनगर (ट.)** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक और **09258 शकूर बस्ती** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहराव: भावनगर परा, सीहोर गुजरात, धोला जं., बोटाद जं., लींबडी, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम जं., महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबू रोड, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई जं., अलवर जं., रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली छावनी स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### एनबीसीसी ने हुडको के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी (इंडिया) लि. ने 117 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के विकास के लिए हुडको के साथ एक शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पंचकूला, कौशांबी, अहमदाबाद और नयी दिल्ली में आवास एवं शहरी विकास निगम लि. के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

### रुपया 15 पैसे टूटकर 88.31 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे टूटकर 88.31 पर बंद हुआ। निवेशकों ने जोखिम से बचने की बढ़ती धारणा के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय लोगों द्वारा विदेश से पैसा भेजने पर होने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जताई।

### मेकमाईट्रिप ने किया सन हॉस्पिटैलिटी से करार



**नई दिल्ली।** नैस्डैक में सूचीबद्ध यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने सोमवार को कहा कि उसने वियतनाम के सन हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप के साथ एक रणनीतिक गठबंधन किया है। यह गठबंधन ऐसे समय में हुआ, जब भारत से वियतनाम जाने वाले पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसमें सरल ई-वीजा नीतियों से मदद मिली है।

वित्तीय परामर्शदाता मोतीलाल ओसवाल ने जारी की रिपोर्ट

# एच-1बी वीजा के नए प्रावधानों से ऑफशोर कामकाज, स्थानीय भर्तियों में तेजी आएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका में विदेशी पेशेवरों के लिए नए एच-1बी वीजा आवेदनों पर एक लाख डॉलर का शुल्क लगाए जाने से घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के कारोबारी ढांचे पर गहरा असर पड़ सकता है। इस व्यवस्था से कंपनियां नए आवेदनों से परहेज करने के साथ विदेशी आपूर्ति या स्थानीय भर्तियों पर जोर दे सकती हैं।

वित्तीय परामर्शदाता मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2027 से इस फैसले के लागू होने पर अगर कोई कंपनी 5,000 एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करेगी तो उस पर सिर्फ फीस का ही बोझ 50 करोड़ डॉलर हो जाएगा।

### एच-1बी वीजा के नए आवेदनों में आएगी कमी

सलाहकार फर्म ने कहा, ''इस शुल्क बोझ को देखते हुए संभव है कि भारतीय आईटी कंपनियां नए एच-1बी आवेदनों से दूरी बनाएंगी। ऐसे में संभावना है कि भारतीय आईटी कंपनियां एच-1बी वीजा के लिए नए आवेदन करने से परहेज करेंगी और इसकी जगह पर वे ऑफशोर आपूर्ति बढ़ाने या स्थानीय भर्तियां करने पर जोर देंगी।''

आईटी कंपनियों के कारोबारी ढांचे पर गहरा असर पड़ सकता है

कंपनियां नए आवेदन से परहेज और स्थानीय भर्ती पर देगी जोर

शुल्क के बोझ को देखते हुए आईटी कंपनियां एच-1बी आवेदन से दूरी बनाएगी



### मात्र तीन से पांच फीसदी कर्मी की एच-1बी वीजा पर जा सकेंगे

इससे कारोबार निरंतरता पर तत्काल संकट नहीं दिख रहा। साथ ही, कंपनियों को 2026 तक का समय भी मिल रहा है ताकि वे स्थानीय भर्ती एवं कौशल कार्यक्रमों को रफ्तार दे सकें। विश्लेषकों का कहना है कि पिछले एक दशक में भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में स्थानीय नियुक्तियां बढ़ाई हैं और अब मात्र तीन से पांच प्रतिशत सक्रिय कर्मचारी ही एच-1बी वीजा पर हैं।

### कंपनियां ऑफशोर आपूर्ति बढ़ाने या स्थानीय भर्तियां करने पर जोर देंगी

***नैसकॉम ने कहा अनिश्चितता कम हुई***

*इस स्थिति में भले ही भारतीय आईटी कंपनियों का अमेरिकी कारोबार से राजस्व घटेगा लेकिन ऑनसाइट लागत भी कम हो जाने से उनका परिचालन मार्जिन बेहतर हो सकता है। इस बीच, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के निकाय नैसकॉम ने कहा कि फीस केवल नए आवेदनों पर लागू होने और मौजूदा वीजा धारकों पर कोई असर न पड़ने को लेकर जारी स्पष्टीकरण ने तात्कालिक अनिश्चितता कम की है।*

### कर्मचारियों पर आने वाली लागत कम होगी

ऑफशोर आपूर्ति का मतलब भारत या कम लागत वाले किसी अन्य देश में मौजूद पेशेवरों के जरिये अमेरिकी कंपनियों को सेवाओं की आपूर्ति करने से है। हालांकि, एच-1बी वीजा के नए आवेदन कम हो जाते हैं या कंपनियां उनसे दूरी बना लेती हैं तो ऑनसाइट (अमेरिका में) काम से होने वाली आय में गिरावट आ सकती है। लेकिन इसका एक असर यह भी होगा कि कंपनियों की ऑनसाइट कर्मचारियों पर आने वाली लागत भी कम हो जाएगी।

### वीजा में भारतीय पेशेवरों की उपस्थिति 70 फीसदी

गूगल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी कंपनियों की ताजा वीजा आवेदनों में अधिक हिस्सेदारी है। फिलहाल टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल अमेरिका और एलटीआईमाइंडट्री जैसी कंपनियां शीर्ष लाभार्थियों में शामिल हैं। इसके साथ यह आंकड़ा भी ध्यान में रखने लायक है कि अमेरिकी सरकार की तरफ से पेशेवरों को जारी होने वाले कुल एच-1बी वीजा में भारतीय पेशेवरों की हिस्सेदारी अकेले ही 70 प्रतिशत से अधिक है।

### तात्कालिक झटका थोड़ा टला

जेएसए एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर्स में साझेदार सजय सिंह का कहना है कि तात्कालिक झटका भले ही थोड़ा टल गया है लेकिन प्रभाव पूरी तरह से टला नहीं है।आखिरकार कंपनियों को अपनी रणनीतियों की पुनर्समीक्षा करनी होगी।

# वीजा मुद्दे को लेकर आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 466 अंक टूटा



- निफ्टी में भी 125 अंक की गिरावट आई
- रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी बिकवाली दबाव रहा

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 466 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 125 अंक की गिरावट आई। बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 466.26 अंक यानी 0.56 प्रतिशत टूटकर 82,159.97 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 628.94 अंक तक नीचे आ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। अदाणी की कंपनियों का मूल्यांकन बढ़ा : अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को भी तेजी जारी रही और दो दिन में उनका संयुक्त बाजार मूल्यांकन 1.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बादल भारद्वाज** पुत्र **अशोक कुमार** पताः **मकान नं. 55ए, डीएलएफ टॉवर, मोती नगर, दिल्ली** और **मकान नं. डब्लूजेड–2176, रानी बाग, पितमपुरा, दिल्ली** ने case **FIR No. 212/2017 U/s 336 IPC & 25/27 Arms Act., थानाः मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बादल भारद्वाज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बादल भारद्वाज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 212/2017 U/s 336 IPC & 25/27 Arms Act., थानाः मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बादल भारद्वाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अंशुल सिंघल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
रूम नं. 268
DP/12537/WD/2025 (Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जगमोह उर्फ जग्गा** पुत्र **नेतराम** पताः **सी–107, विष्णु गॉर्डन, ख्याला, तिलक नगर वेस्ट, दिल्ली** ने case **FIR No. 712/2020 U/s 457/380/411 IPC, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जगमोह उर्फ जग्गा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जगमोह उर्फ जग्गा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 712/2020 U/s 457/380/411 IPC, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जगमोह उर्फ जग्गा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ. अनीजा बिश्नोई
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07, रूम नं. 289
DP/12612/WD/2025 (Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली


# आयुर्वेद का शंखनाद, पुनः गुंजायमान स्वर्णिम क्षण की ऐतिहासिक पुनरावृत्ति

- आचार्य बालकृष्ण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल



आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** आचार्य बालकृष्ण को अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोध समूह और विश्वप्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित किया गया है। इस उपलब्धि की ऐतिहासिक पुनरावृति, आचार्य बालकृष्ण जी के लिए व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, अपितु पतंजलि, आयुर्वेद एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिए हर्ष का विषय है। भारत के सनातन ज्ञान को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के धरातल पर प्रमाणित कर, आचार्य बालकृष्ण ने सिद्ध कर दिया है कि अगर प्रबल इच्छाशक्ति हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उनके द्वारा किए गए शोध कार्य, विश्व भर के वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से जुड़ें भविष्य के शोध कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे। आचार्य की अनुसन्धानीय एवं आयुर्वेदिक कार्यों में गहन विशेषज्ञता एवं उनके गतिशील मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर 300 से अधिक शोध लेखों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल्स में किया गया है। आचार्य के सतत निर्देशन में पतंजलि द्वारा 100 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक औषधियों को विकसित किया गया है।

## बीकानेर रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर



- स्थानीय कला और आधुनिकता के साथ 471 करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है पुनर्विकास कार्य

**नई दिल्ली।** राजस्थान का बीकानेर क्षेत्र विश्व मानचित्र पर पर्यटन तथा मिठाई व नमकीन उद्योग के लिए विशिष्ट पहचान रखता है।बीकानेर के जूनागढ़, गजनेर किला, देशनोक मन्दिर त था कैमल सफारी के लिए प्रतिवर्ष यहाँ भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। बीकानेर में स्थित राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र भी आकर्षण का केन्द्र है। बीकानेर शहर के महत्व, सामरिक दृष्टिकोण और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुये रेलवे द्वारा यहाँ यात्री सुविधाओं कोबढ़ाने के लिए बीकानेर स्टेशन पर 471 करोड़ रूपये की लागत से "अमृत भारत स्टेशन" योजना के तहत स्टेशन कापुनर्विकास कार्य किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कला, हैरिटेज और आधुनिकता का समावेश किया जा रहा है।



## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### महिलाओं के लिए हेल्पलाइन

**नई दिल्ली।** महिला हेल्प लाइन नंबर 1091 संकटग्रस्त महिला के लिए एक 24x7 निःशुल्क, आपातकालीन हेल्प लाइन सेवा है। यह हेल्प लाइन तथा व्हाट्सएप नंबर 7835075012 जो 24 घंटे काम करता है और यह संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता और सुरक्षा कवच प्रदान करता है। इस हेल्प लाइन नंबर का प्रचार आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जिनका संचालन दिल्ली के स्कूलों, कॉलेजों, झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में नियमित तौर पर स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वीमेन एंड चिल्ड्रन (**SPUWAC**) द्वारा किया जाता है। इस हेल्प लाइन का उद्देश्य संकटग्रस्त महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और महिलाओं तक दिल्ली पुलिस की पहुंच बढ़ाना है

### के.आर. मंगलम विवि ने सफलतापूर्वक आयोजित किया ईडीएम फिएस्टा 2025



**नई दिल्ली ।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 को अपने परिसर में भव्य ईडीएम फिएस्टा 2025 का सफल आयोजन किया। दोपहर 3 बजे से प्रारम्भ हुए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की व्यापक एवं उत्साही भागीदारी देखने को मिली, जिससे संपूर्ण परिसर में उल्लास एवं ऊर्जावान वातावरण निर्मित हुआ।कार्यक्रम में देश-विदेश के पाँच प्रतिष्ठित डीजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया। इनमें शामिल रहे डीजे एलीना (एलीना चौहान), डीजे प्रेरक (प्रेरक आनंद), डीजे मिक्की (मंथन बंसल), डीजे एनसिक्स (पियूष बासोर) तथा अंतरराष्ट्रीय कलाकार ओला रास, जिन्होंने अपनी विशिष्ट शैली और ऊर्जावान संगीत से उपस्थित जनसमूहको मंत्रमुग्ध कर

बनाया नया रिकॉर्ड

### सोना 2200 और चांदी 4380 रुपये बढ़कर नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों से उत्साहित होकर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,200 रुपये बढ़कर 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, सोमवार को चांदी की कीमतें 4,380 रुपये बढ़कर 1,36,380 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। शुक्रवार को चांदी 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।


## PUBLIC NOTICE

I, Mrs. Minakshi Shukla, W/o Mr. Anupam Shukla R/o 4/16 Mela Road Near BPS Public School Lakhimpuri U.P 262701, have purchased a property bearing No B3/1003 Project Sports Village, address sector 02, Greater Noida West Gautam Buddha nagar Uttar Pradesh 201308, I have lost the original allotment letter of the above said property, I have request M/s Supertech Limited, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Supertech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.

## PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1 ) ASHOK_LEY ALEC1012FB
REG. NO. UP16GT2355-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 437996.84

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 7 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 29-09-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 231/176142 | P&F Double Bed, Mattress, Computer Table, Center Table etc. and other Furniture Work at Hon. C.M. Residence & Hon. Minister's Residence (14 Nos.) in Sector 24, Atal Nagar, Nava Raipur (C.G.) | रू. 198.54 लाख |
| 232/176143 | P&F Curtains, Aster, Curtain Rod etc. and other Furnishing Work at Hon. C.M. Residence & Hon. Minister's Residence ( 14 Nos.) in Sector 24, Atal Nagar Nava Raipur (C.G.) | रू. 199.74 लाख |
| 233/176144 | P&F Blinds, Wallpaper, Doormats, Bedsheet, etc. and other Furnishing Work at Hon. C.M. Residence & Hon. Minister's Residence (14 Nos.) in Sector 24, Atal Nagar, Nava Raipur (C.G.) | रू. 198.65 लाख |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 09.10.2025 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
G-252603654/4 रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)


## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# फोनपे का घाटा कम होकर 1,727.4 करोड़ पर आया





**नई दिल्ली।** वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे का वित्त वर्ष 2024-25 में एकीकृत घाटा कम होकर 1,727.4 करोड़ रुपये पर आ गया जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,996.1 करोड़ रुपये था। बाजार विश्लेषक फर्म टॉफ्लर से मिले आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में फोनपे का परिचालन राजस्व 40.5 प्रतिशत बढ़कर 7,115 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 5,064 करोड़ रुपये था। इस वर्ष के अंत में अपने निर्गम के लिए मसौदा दस्तावेज दाखिल करने की योजना बना रही कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने समायोजित शुद्ध लाभ में तीन गुना वृद्धि दर्ज की, जो एक साल पहले के 197 करोड़ रुपये से बढ़कर 630 करोड़ रुपये हो गया। वॉलमार्ट समूह की इस कंपनी का 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में मुक्त नकदी प्रवाह सकारात्मक रहा और परिचालन से शुद्ध नकदी प्रवाह 1,202 करोड़ रुपये रहा।

### एनएसई में 21 अक्टूबर को एक घंटे का दिवाली मुहूर्त कारोबार

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार को कहा कि वह दिवाली के त्योहार पर मंगलवार, 21 अक्टूबर को एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित करेगा। शेयर बाजार ने एक परिपत्र में कहा कि यह प्रतीकात्मक कारोबार सत्र दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। पिछले साल, विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र शाम छह बजे से सात बजे तक आयोजित किया गया था। यह नया सत्र एक नए संवत (विक्रम संवत 2082) का भी प्रतीक है, जो दिवाली से शुरू होता है। ऐसा माना जाता है कि 'मुहूर्त' या शुभ समय के दौरान कारोबार करने से हितधारकों के लिए समृद्धि और वित्तीय वृद्धि होती है। दिवाली के दिन बाजार नियमित कारोबार के लिए बंद रहेगा, लेकिन एक घंटे के लिए एक विशेष कारोबार होगा। एनएसई ने कहा कि बाजार खुलने से पहले का सत्र दोपहर 1:30 बजे से 1:45 बजे तक चलेगा।

## शब्द पहेली - 5997




**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5996 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |



# भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करें, मुकाबला है ही नहीं : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों को जबर्दस्त प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करने का आग्रह किया है चूंकि उनकी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह से दबदबा रहा है। भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को रविवार को छह विकेट से हराया। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोनों टीमों का सामना 15 बार हुआ है और भारत ने 12 बार जीत दर्ज की है। रविवार के मैच के बाद पाकिस्तान के एक सीनियर पत्रकार ने दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में अंतर के बारे में पूछा तो सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा ,' सर, मेरी गुजारिश है कि आप भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद कर दें।' जब पत्रकार ने कहा कि वह प्रदर्शन के स्तर की बात कर रहे हैं, प्रतिद्वंद्विता की नहीं , इस पर भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा,' प्रतिद्वंद्विता और स्तर सभी बराबर है। प्रतिद्वंद्विता कहां है। अगर दो टीमें 15 मैच खेले और 8-7 का आंकड़ा हो तो प्रतिद्वंद्विता होती है। यहां तो 13-1 या ऐसा ही कुछ है। कोई मुकाबला ही नहीं है।''




- टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत - पाक का 15 बार सामना, टीम इंडिया ने 12 बार जीता मुकाबला

## आग और बर्फ की तरह हैं शुभमन और अभिषेक

सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को ' आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,' यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरुआत की जरुरत थी और दोनों ने वह दी।' पंजाब में अंडर 12 दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकाएं बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा,' मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है। जब आप पारी की शुरुआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरुरी है। एक रन लेने के लिए एक नजर का इशारा ही काफी होता है। जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है।'

## पाकिस्तानी खिलाड़ी का बिना वजह भिड़ना पसंद नहीं: अभिषेक

जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 गेंद में 74 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों का बेवजह लड़ने का इरादा उन्हें पसंद नहीं आया, जिसकी वजह से बहस हुई। अभिषेक और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने मैच के बाद कहा,' जिस तरह से पाकिस्तानी खिलाड़ी बिना वजह हमसे भिड़ रहे थे, मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया और उनका इलाज आक्रामक बल्लेबाजी से ही करना था।' पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी से अभिषेक और गिल की बहस हुई । गिल के साथ साझेदारी के बारे में अभिषेक ने कहा,' हम स्कूली दिनों से साथ खेल रहे हैं और एक दूसरे के साथ खेलने में मजा आता है। हमें लगा कि आज बड़ी साझेदारी बनाएंगे। जिस तरह से वह खेल रहा था, मुझे बहुत मजा आ रहा था।

## बल्लेबाजी करना आसान नहीं था: सलमान

पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में हर



विभाग में उन्नीस साबित हुई और पहले दस ओवर के बाद बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया था। पहले दस ओवर में 91 रन बनाने के बाद पाकिस्तान अगले दस ओवर में 80 रन ही बना सके। आगा ने कहा,' बल्लेबाजी में हमने बेहतर प्रदर्शन किया, जो अच्छी बात है। हमने जिस तरह से शुरुआत की थी, 15 रन और बनाने चाहिए थे लेकिन पहले दस ओवर के बाद गेंद नरम हो गई और बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा।' उन्होंने कहा,' हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी नहीं की और इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।'

## खबर संक्षेप



### 1 अक्टूबर को भारत आएंगे बोल्ट, खेलेंगे फुटबॉल मैच

मुंबई। फर्राटा धावक उसैन बोल्ट 1 अक्टूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएंगे। 8 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे।

### जोहोर कप : रोहित को जूनियर टीम की कमान

**नई दिल्ली।** डिफेंडर रोहित 11 अक्टूबर से मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।



टूर्नामेंट 18 अक्टूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा। भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा । भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा जबकि आस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है । राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा,' टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा, जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।'

### भारत ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के मुकाबले में पाक को 3-2 से हराया

**कोलंबो।** भारत ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के बेहद रोमांचक मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सोमवार को यहां 3-2 से शिकस्त दी। मैच के दौरान पाक के मोहम्मद अब्दुल्ला का विवादास्पद जश्न चर्चा का विषय बन गया। दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद यह मुकाबला औपचारिक हो गया था। भारत ने मैच के 31वें मिनट में डल्लालमुओन गांगटे के गोल से बढ़त बना ली। पाक ने 43वें मिनट में अब्दुल्ला द्वारा पेनल्टी को गोल में बदलकर बराबरी की। गोल करने के बाद वह अपने साथियों के साथ एक अनोखे जश्न में चाय पीने की नकल करने लगा। उसका यह जश्न हालांकि पाकिस्तान के लिए ही भारी पड़ गया क्योंकि भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। गुनलेइबा ने 63वें मिनट में गोल कर भारत को फिर से बढ़त दिला दी लेकिन इसके सात मिनट बाद ही हमजा यासिर ने पाक के लिए बराबरी का गोल दाग दिया।

## एशिया कप में आज रात 8 बजे से अहम मुकाबला

# सुपर 4 की जंग: आखिरी मौका, आर-पार की लड़ाई में श्रीलंका-पाकिस्तान आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। गत चैंपियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी20 एशिया कप में उसके 8 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई। दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया, जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी।




### पाकिस्तान को हर हालत में दर्ज करनी होगी जीत

भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रिकवरी के लिए अधिक समय भले ही नहीं मिला हो लेकिन सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पूर्व कप्तान बाबर आजम और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कमी उन्हें बल्लेबाजी में बुरी तरह खली है। उसके बल्लेबाज तकनीक और तेवर के मामले में अनुभवहीन साबित हुए। भारत के खिलाफ शीर्षक्रम के बल्लेबाजों साहिबजादा फरहान, फखर जमां और सईम अयूब ने उम्मीदें जताई और अच्छी शुरुआत देते हुए एक विकेट पर 90 रन बनाए। अयूब ने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में पाकिस्तानी बल्लेबाज लय कायम नहीं रख सके। गेंदबाजी में भी लेग स्पिनर अबरार अहमद सिर्फ ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही कामयाब रहे और भारतीय बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं कर सके।

### श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम

दूसरी ओर श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम है । दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की। ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक जमाने वाले पाथुम निसांका अब लय दोबारा हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और स्थिरता दे सकते हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने प्रभावित किया है, जो टूर्नामेंट में छह विकेट ले चुके हैं। स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुष्मंता चामीरा , चरित असलंका और शनाका ने भी योगदान दिया है।

### संभावित टीमें

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

**श्रीलंका :** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## कोरिया ओपन

# भारत की ओर से जोरदार टक्कर देंगे प्रणय-आयुष






एजेंसी ▶▶| सुवोन

इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे एचएस प्रणय और उदीयमान सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। हांगकांग और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सत्र में कई टूर्नामेंटों के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गए थे। वह एक क्वालीफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे और दूसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेल सकते हैं।

- सात्विक और चिराग नहीं खेलेंगे टूर्नामेंट

### आयुष का सामना चीनी ताइपै के यांग से

इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन विजेत 22 वर्ष के आयुष का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा। किरण जॉर्ज को पहले दौर में सिंगापुर के लोह कीन यू के रूप में कठिन चुनौती मिली है। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुम वरदानी से होगा। युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की टक्कर जापान के यूइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगी।

## क्रिकेट

# डिकॉक ने संन्यास से लिया यू-टर्न पाक के खिलाफ वनडे-टी20 में खेलेंगे




दक्षिण अफ्रीका की टीम खेलेंगी 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने सीमित ओवरों से संन्यास लेने का अपना फैसला वापस ले लिया, जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए इस प्रारुप की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो पिंडली में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से इस नए सत्र का आगाज करेगा।

### 2023 में वनडे क्रिकेट से ले लिया था संन्यास

डिकॉक ने सीमित ओवर प्रारुप में अपना पिछला मैच 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप में खेला था। उन्हें नामीबिया में होने वाले एकमात्र टी20 मैच के लिए भी टीम में जगह मिली है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद तत्कालीन कोच रॉब वाल्टर ने उन्हें टी20 टीम में शामिल नहीं किया था क्योंकि वह उनकी लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में निश्चित नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य कोच शकुरी कॉनराड ने इस खिलाड़ी से चर्चा करने के बाद उन्हें सीमित ओवरों की दोनों राष्ट्रीय टीमों में शामिल किया है।

### डिकॉक ने खेले 155 वनडे मैच, बनाए 6770 रन

कॉनराड ने कहा, ' डिकॉक का सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए लौटना हमारे लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। हमने पिछले महीने जब उनके भविष्य के बारे में बात की थी तो यह साफ था कि उनमें अब भी देश के प्रतिनिधित्व करने की मजबूत इच्छा है। हर कोई जानता है कि वह टीम में क्या गुणवत्ता लाते हैं और उनका वापस आना टीम के लिए फायदेमंद ही होगा।' डिकॉक ने अब तक 155 वनडे मैचों में 45.74 की औसत और 96.64 के स्ट्राइक रेट से 6770 रन बनाए हैं।

## स्पेनिश ला लीगा ...



**बार्सिलोना।** स्पेन के बार्सिलोना में जोहान क्रूफ़ स्टेडियम में एफसी बार्सिलोना और गेटाफे के बीच स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेटाफे के अब्देल अबकर, बार्सिलोना के फर्मिन लोपेज के खिलाफ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

## गन शॉट सेलिब्रेशन : फरहान की बदजुबानी- 'मुझे परवाह नहीं...'

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान बंदूक चलाने के अंदाज मे आक्रामक जश्न मनाने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने कहा कि उन्हें इसकी परवाह नहीं है कि लोग क्या सोचते हैं। भारत ने सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को हराकर बहुदेशीय टूर्नामेंटों में चिर प्रतिद्वंद्वी पर अपना दबदबा कायम रखा। फरहान ने मैच के बाद कहा,' वह जश्न महज एक पल था। मैं अर्धशतक जमाने के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाता लेकिन अचानक मेरे जेहन में आया कि आज जश्न मनाते हैं। मैंने वही किया। मुझे नहीं पता कि लोग इसे कैसे लेंगे। मुझे इसकी परवाह नहीं है।'




### सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना

फरहान ने 45 गेंद में 58 रन बनाए, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन जोड़े। भारत ने 19वें ओवर में ही मैच जीत लिया। फरहान ने 10वें ओवर में अक्षर पटेल को छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद बंदूक की तरह बल्ले को थामते हुए हवा में निशाना लगाने का एक्शन किया । सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हो रही है। फरहान ने कहा कि अगर पाकिस्तान जीतता तो उनकी यह पारी अहम होती। उन्होंने कहा,' अगर मैं यह मैच जीतता तो यह काफी अहम पारी होती। भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन को काफी तवज्जो मिलती है।

# महिला क्रिकेटरों के अनूठे टैटू : किसी ने बनवाया हनुमानजी तो किसी ने बंगाल टाइगर और बाज की आकर्षक आकृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले सप्ताह आखिरी वनडे मैच में 72 रन बनाने वाली भारत की अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में बाएं हाथ पर बने हनुमानजी के टैटू से उन्हें ताकत और प्रेरणा मिलती है।

दीप्ति ने कहा,'मैंने अपने बाएं हाथ पर हनुमानजी का टैटू बनवा रखा है । जब भी जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं तो वह मुझे शक्ति देते हैं।' भारत के लिए 80 वनडे में 1891 रन बनाने के साथ 91 विकेट ले चुकी दीप्ति ने कहा,'मैचों में भी जब मुझे समझ में नहीं आता कि क्या करूं तो उनके बारे में सोचती हूं । इससे मुझे शक्ति और आगे के बारे में सकारात्मक सोच मिलती है।''








### स्नेहा ने बनवाया 'विद्रोही' वाला टैटू

अब भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के पहले मैच में भारत को 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका से खेलना है। वहीं स्पिनर स्नेह राणा ने भी दो टैटू बना रखे हैं, जिनमें से पहले पर 'विरोधी' और दूसरे पर ' तव धैर्य तव बलम अस्ति' लिखा है। इस बारे में उन्होंने कहा,' हाल ही में मैंने एक टैटू बनवाया है, जिस पर विरोधी लिखा है, जिसके मायने हैं किसी मकसद से बागी। अगर हालात मेरे खिलाफ हैं तो मैं उनसे पार पाना चाहती हूं।' भारत के लिए 22 वनडे और 22 टी20 खेल चुकी 31 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा,' इसके अलावा एक और टैटू पर तव धैर्य तव बलम अस्ति' लिखा है, जो संयम रखने में मदद करता है। मैंने पिंडली पर शेर और बाज का टैटू भी बनवाया है । शेर साहस, नेतृत्व और स्वतंत्रता के लिए जबकि बाज अपने तेज गेंदबाज और चौकस नजर के लिए।'

### रिचा ने बनवाया स्थायी टैटू

सोलह बरस की उम्र में 2020 में भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने वाली हरफनमौला रिचा घोष ने बाए हाथ पर बाघ (बंगाल टाइगर) का टैटू बनाया है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली घोष ने कहा,' यह खास है क्योंकि बंगाल टाइगर है और मैं भी बंगाल से हूं।' उन्होंने कहा,'भारत के लिए खेलने से पहले बंगाल की अपनी एक सीनियर प्रतिभा राणा के साथ यात्रा करते समय उन्होंने मेरे हाथ पर बाघ का स्कैच बनाया। मैंने अपने परिवार से कहा कि अगर भारतीय टीम में मेरा चयन हो गया तो मैं स्थायी टैटू बना लूंगी।'


## खबर संक्षेप

### पाक में बाढ़ के चलते एक हजार की मौत



**कराची।** पाकिस्तान में 26 जून से देशभर में भारी बारिश और अचानक बाढ़ के कारण 1,006 लोगों की मौत हो चुकी है और 30.2 लाख लोगों को बचाया गया है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी है। इसने कहा कि देशभर में 5768 बचाव अभियान चलाए गए, जिनमें 273524 राहत सामग्री वितरित की गई। पाकिस्तान सेना और अन्य आपातकालीन सेवाओं के प्रयासों से 741 शिविरों में 662098 लोगों का इलाज कराया गया।

### बांग्लादेश के कई हिस्सों में भूकंप



**ढाका।** बांग्लादेश के कई हिस्सों समेत राजधानी ढाका में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका केंद्र सिलहट जिले के छातक में था। बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से बताया कि दोपहर 12:19 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र ढाका से लगभग 185 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में छातक (सिलहट) में 4.0 तीव्रता का भूकंप था, जिसका केंद्र छातक, सिलहट में स्थित था। भूकंप का केंद्र दाउकी फॉल्ट क्षेत्र में था।

### छत गिरने से 6 बच्चों समेत 8 लोग जिंदा दफन



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक शिक्षण संस्थान की छत गिर जाने के कारण छह बच्चों समेत आठ लोग जिंदा दफन हो गए तथा तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना लाहौर के उत्तर-पश्चिम से लगभग 120 किलोमीटर दूर हाफिजाबाद शहर में हुई। पंजाब आपातकालीन विभाग के बचाव दल 1122 के अनुसार, उस वक्त कक्षा में दो शिक्षक और नौ छात्र मौजूद थे। रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा, ''वे मलबे में दब गए थे। बचाव दल ने चार छात्रों को जीवित निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

# एच-1बी वीजा का तोड़ लाया चीन, के वीजा लांच कर दुनियाभर के लिए खोल दिया अपना दरवाजा

## चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर बिना भी आवेदन कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ सिस्टम से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दे कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे।

अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी।



### 12 तरह के वीजा जारी करता है चीन

चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पॉन्सरशिप चाहिए होती है।

### अनुभव के आधार पर सीधे आवेदन कर सकते है

*जेड-वीजा में किसी चीनी कंपनी की नौकरी मिलनी जरूरी है और वीजा सिर्फ उसी कंपनी के लिए वैध होता है। नौकरी बदलने पर नया वीजा लेना पड़ता है। के-वीजा के साथ ऐसा कोई नियम नहीं होगा। शिक्षा और अनुभव के आधार पर सीधे आवेदन किया जा सकता है। के-वीजा फीस के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं, जेड वीजा की फीस हर देश के नागरिकों के लिए अलग-अलग होती है। भारतीय नागरिकों के लिए यह 2.9 हजार रुपए, अमेरिकी नागरिकों के लिए 2.3 हजार रुपए, कनाडाई नागरिकों के लिए 8.5 हजार रुपए और ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए 5.5 हजार है। इसके अलावा वीजा आवेदन प्रक्रिया में सर्विस चार्ज भी जोड़ा जाता है जिसकी कीमत भारतीयों के लिए 2 से 3 हजार के बीच होती है।*

### एच-1बी वीजा पर आए अपडेट से उद्योग जगत की चिंताएं दूर

**नई दिल्ली।** नैसकॉम कंपनी ने कहा कि अमेरिका की ओर से एच-1 बी वीजा शुल्क को लेकर जारी की गई नई स्पष्टता से उद्योग की चिंताएं बहुत हद तक दूर हुई हैं। ट्रंप प्रशासन ने साफ किया है कि शुल्क में बढ़ोतरी मौजूदा वीजा धारकों पर लागू नहीं होगी और यह केवल नए आवेदनों पर एक बार के शुल्क के रूप में लागू होगी। ट्रंप प्रशासन के स्पष्टीकरण से पात्रता और समयसीमा को लेकर बनी अनिश्चितता दूर हो गई है। नैसकॉम, यानी नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज, भारत में सॉफ्टवेयर और सर्विसेज कंपनियों का प्रमुख संगठन और गैर-लाभकारी उद्योग निकाय है। यह संगठन भारत सरकार के साथ मिलकर काम करता है, उद्योग के लिए नीतियां तैयार करने, कारोबारी माहौल सुधारने और अपने सदस्यों को प्रशिक्षण, नेटवर्किंग और मार्केट रिसर्च जैसी सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है।

अवशेष राष्ट्रीय संग्रहालय से विशेष धार्मिक परंपराओं के साथ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ले जाए जाएंगे

# रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को किया जाएगा प्रदर्शित, बौद्ध भिक्षुओं ने जताया पीएम मोदी का आभार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष पहली बार रूस के काल्मिकिया गणराज्य की राजधानी एलिस्ता में प्रदर्शित होने जा रहे हैं। ये अवशेष नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय से विशेष धार्मिक सम्मान और परंपराओं के साथ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ले जाए जाएंगे। इस आयोजन का नेतृत्व भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्फेडरेशन आईबीसी, राष्ट्रीय संग्रहालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र आईजीएनसीए मिलकर कर रहे हैं। इस आयोजन को स्थानीय बौद्ध समुदाय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद ऐतिहासिक और आध्यात्मिक माना जा रहा है।

अवशेष धार्मिक सम्मान और परंपराओं के साथ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ले जाए

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य करेंगे



### भारत और रूस के सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे

पिपरहवा स्थल उत्तर प्रदेश, बस्ती जिले के बर्डपुर क्षेत्र से 1898 में विलियम क्लैक्सटन पेपे ने खुदाई के दौरान बुद्ध से जुड़े अस्थि और आभूषण प्राप्त किए थे। बाद में 1971 से 1977 के बीच के एम श्रीवास्तव के नेतृत्व में खुदाई में और अस्थि अवशेष मिले, जिन्हें 4वीं–5वीं शताब्दी ईसा पूर्व का माना गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने पिपरहवा को कपिलवस्तु की प्राचीन नगरी के रूप में पहचाना। इस प्रकार काल्मिकिया में होने वाला यह आयोजन भारत और रूस के बीच न केवल धार्मिक व सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, बल्कि विश्व स्तर पर बौद्ध धर्म के संदेश को भी व्यापक बनाएगा।

### प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केशव मौर्य करेंगे

वहीं भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। आईबीसी की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानिदेशक करेंगे। साथ ही, 43वें साक्या त्रिजिन रिनपोछे साक्या परंपरा के प्रमुख, 13वें कुंडलिंग तक्सक रिनपोछे (द्रेपुंग गोमांग मठ), 7वें योंगजिन लिंग रिनपोछे और 17 अन्य वरिष्ठ भिक्षु भी शामिल होंगे। इसके अलावा भारत के तीन वरिष्ठतम वंदनीय भिक्षु स्थानीय श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर दो महत्वपूर्ण समझौते ज्ञापन जिनमें पहला, रूस के सेंट्रल स्पिरिचुअल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ बौद्धिस्ट रशिया और आईबीसी के बीच तथा दूसरा, आईबीसी और नालंदा विश्वविद्यालय के बीच हस्ताक्षरित होंगे।

### सम्मेलन में विशेष प्रदर्शनी आयोजित होगी

सम्मेलन के दौरान तीन विशेष प्रदर्शनी आयोजित होंगी। इनमें बुद्ध के जीवन की चार महान घटनाएं, शाक्य वंश की धरोहर-पिपरहवा से प्राप्त अवशेष और द आर्ट ऑफ स्टिलनेस- राष्ट्रीय संग्रह से बौद्ध कला शामिल हैं। वहीं प्रसिद्ध कलाकार वासुदेव कामथ (पद्मश्री सम्मानित) भी इस सम्मेलन में अपनी कृतियां प्रदर्शित करेंगे। सम्मेलन के दौरान 35 से अधिक देशों के आध्यात्मिक नेता और अतिथि भाग लेंगे। आईबीसी एक विशेष एआई चैटबॉट (नोरबु-द कल्याण मित्र) का प्रदर्शन भी करेगा, जो रूसी भाषा में बुद्ध धम्म की जानकारी उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, संस्कृति मंत्रालय की पांडुलिपि शाखा और आईबीसी 'कंजूर' मंगोलियाई धार्मिक ग्रंथ, 108 खंड की प्रतियां नौ बौद्ध संस्थानों और एक विश्वविद्यालय को भेंट करेंगे। काल्मिकिया यूरोप का एकमात्र बौद्ध गणराज्य है, जो कैस्पियन सागर से सटा हुआ है।

बमबारी से मचा बवाल

# पाक वायुसेना ने अपने ही नागरिकों पर गिराए 8 बम, 30 की मौत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। पाकिस्तान की वायु सेना ने अपने ही देश के नागरिकों पर बमों की बारिश की है। बताया जा रहा है कि ये कारमाना पाकिस्तानी वायुसेना ने तड़के करीब 2 बजे किया।

पाकिस्तानी वायु सेना की इस एअर स्ट्राइक में कम से कम 30 लोगों की जान गई है। मरने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिक थे। वहीं, इस बमबारी में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

### घटना सोशल मीडिया पर वायरल

इस घटना का के बाद की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें बच्चों समेत कई शव पड़े दिखाई दे रहे हैं। बचाव दल मलबे में दबे शवों को निकालने में लगे हुए हैं। दावा किया जा रहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

इस बमबारी में काफी लोगों के घायल होने की भी खबर है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। वहीं, अन्य लोगों को मलबे से निकालने की कोशिश जारी है। घटना से स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान इस समय अंदरुनी हालात और कलह से गुजर रहा है। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र पिछले काफी समय से अशांत रहा है। यही वजह है कि यहां पर पाकिस्तान की सरकार नहीं चल पाती है।

वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच

# 4500 जवान, 10 युद्धपोत, एफ-35 जेट और न्यूक्लियर सबमरीन... वेनेजुएला को चारों ओर से घेर रही अमेरिकी सेना

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच कैरिबियन के दक्षिणी इलाके में अमेरिकी सेना की बड़ी तैनाती कर रहे हैं। इसमें एफ-35 स्टील्थ जेट और अन्य हथियार शामिल हैं। अमेरिका इसे ड्रग तस्करी रोकने का नाम दे रहा है, लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह हमले की तैयारी जैसा लगता है।

### क्या है वर्तमान ताकत



अभी 8 युद्धपोतों पर 4500 सैनिक तैनात हैं। ये वेनेजुएला पर आक्रमण के लिए कम हैं। ये जहाज ड्रग तस्करी वाले देशों पर हमला नहीं कर सकते। ये ताकतें पूर्वी पैसिफिक में नहीं हैं, जहां मुख्य ड्रग रोकथाम होती है।

### गुप्त विशेष बलों की तैनाती

एलीट स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट्स की गुप्त तैनाती से लगता है कि वेनेजुएला के अंदर हमले या कमांडो छापे हो सकते हैं। अमेरिका ने दक्षिणी कमांड क्षेत्र में चौथा गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर भेजा है। वही कल यूएसएस स्टॉकडेल डीडीजी 106 पनामा पहुंचा। अब क्षेत्र में कम से कम 10 अमेरिकी नौसेना के जहाज हैं, जो पूरी दुनिया में तैनात अमेरिकी जहाजों का 13 प्रतिशत है।

### कानूनी आधार

जुलाई में राष्ट्रपति ट्रंप ने गुप्त आदेश पर हस्ताक्षर किए। ये लैटिन अमेरिका में नार्को-टेररिस्ट नेटवर्क पर बल प्रयोग की मंजूरी देते हैं। अगर कोई सरकार इनकी मदद करे, तो सीमा पार हमला हो सकता है। वेनेजुएला के राज्य-संबंधित कार्टेल निशाने पर हैं।

पद एवं गोपनीयता की शपथ ली

# नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने ली शपथ, इनकी संख्या बढ़कर हुई आठ

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने सोमवार को राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय आविष्कार केंद्र के संस्थापक महावीर पुन, पत्रकार जगदीश खरेल और विशेषज्ञ मदन परियार को शपथ दिलाई।

चार नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नीत मंत्रिपरिषद में सदस्यों की संख्या आठ हो गई है। प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं। सिन्हा उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री हैं, जबकि खरेल संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। जबकि पुन शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को घोषणा की थी कि सोमवार को पांच नए मंत्री शपथ लेंगे। संगीता कौशल मिश्रा को बाद में उनकी विवादास्पद पृष्ठभूमि के कारण सूची से हटा दिया गया। भ्रष्टाचार विरोधी संस्था अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग, नेपाल मिश्रा से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले की जांच कर रही है।

डेनमार्क सरकार ने जन्म देने के एक घंटे बाद मां से छीनी उसकी बेटी

# मनोवैज्ञानिक जांच के बाद कहा- तुम मां बनने के काबिल नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोपेनहेगन

साल 2023 में एक बॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था- मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे। फिल्म में एक भारतीय महिला देबिका चटर्जी रानी मुखर्जी अपने परिवार के साथ नॉर्वे में रहती हैं, जहां उन पर बच्चों का ठीक से पालन-पोषण न करने का आरोप लगाकर नॉर्वे की चाइल्ड केयर संस्था देबिका के बेटा और बेटी को छीन लेती है। देबिका के किरदार में रानी मुखर्जी नॉर्वे की सरकार से बच्चों को वापस पाने के लिए जो जद्दोजहद करती हैं, जिस तरह रोती-बिलखती, तड़पती और लड़ती नजर आती हैं, उसने फिल्म देखने वालों को झकझोर कर दिया था। फिल्मी किरदार देबिका चटर्जी चैसी ही वास्तविक घटना ग्रीनलैंड मूल की निवासी 18 साल की इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड के साथ डेनमार्क में हुई है। इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के एक अस्पताल में बेटी को जन्म दिया।

### पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट की हो रही आलोचना



डेनमार्क सरकार ने इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड से उनकी बेटी छीनने का फैसला एक मनोवैज्ञानिक जांच पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट (एफकेयू) के आधार पर लिया था। इस टेस्ट में माता-पिता मानसिक स्थिरता, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक कौशल का मूल्यांकन किया जाता है। इस टेस्ट की आलोचना इसलिए हो रही है, क्योंकि इसमें सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को नजरअंदाज किया जाता है। डेनमार्क में ग्रीनलैंड के परिवार इस तरह के परीक्षण का लंबे समय से विरोध करते रहे हैं। सांस्कृतिक असंवेदनशीलता और भेदभाव के आरोपों के बाद जब विवाद बढ़ा तो डेनमार्क सरकार ने जनवरी, 2025 में ऐलान किया कि पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट ग्रीनलैंडिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर लागू नहीं होंगे।

### मामला हाइलाइट हुआ तो नपा ने दिया तर्क

विशेष सलाहकार इकाई (वीआईसो) को ऐसे मामलों की समीक्षा की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन इवाना का केस कानून बदलने और लागू होने के बीच की अवधि में फंसा रह गया। इवाना का टेस्ट अप्रैल से जून 2025 के बीच हुआ। यानी कि आंशिक रूप से पुराने नियम के तहत और आंशिक रूप से नए कानून के बाद। जब यह मामला हाइलाइट हुआ तो नगरपालिका ने तर्क दिया है कि इवाना पर नया कानून लागू ही नहीं होता है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109